हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 251, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 27 फरवरी, 2022 दिन रविवार | गाजीपुर/वाराणसी

## कीव में आवासीय इमारत पर रूस ने फिर दागी दो मिसाइलें

### यूक्रेन को मिला फ्रांस का साथ, रूस से लड़ाई को फ्रांस ने भेजी हथियारों की खेप

कीव। यूक्रेन पर रूसी सेना युद्ध के तीसरे दिन एक बार फिर अपना आक्रमण तेज किए हुए है। इधर यूक्रेन को इस भीषण युद्ध में फ्रांस का साथ मिला है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रान के साथ फोन पर बात की जिसके बाद उन्होंने यूक्रेन का साथ देने का भरोसा दिया है। राष्ट्रपति जेलेन्सकी ने ट्वीट कर कहा कि, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ बात हुई है, हमारे सहयोगियों से हथियार और उपकरण यूक्रेन के रास्ते में हैं। युद्ध विरोधी गठबंधन अब काम कर रहा है। दूसरी ओर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एक कार्यक्रम में चेताते हुए कहा कि, यह युद्ध अभी आगे चलेगा, यह संकट रहेगा और इसके साथ आने वाले सभी संकटों के स्थायी परिणाम होंगे। इधर रूसी सैनिकों ने यूक्रेन के मेलिटोपोल शहर पर कब्जा करने का दावा किया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने इस बात का दावा किया है कि उसने अब शहर पर पूरी तरह कब्जा कर लिया है। कीव पर भी अपना कब्जा करने के लिए रूस लगातार हमले कर रहा है। वहीं रूसी सेना द्वारा मेलिटोपोल पर कब्जा करने के दावे को ब्रिटिश सशस्त्र बलों के मंत्री जेम्स हेप्पी ने नकार दिया है। हेप्पी ने कहा कि अभी कोई



कब्जा नहीं किया गया है और राजधानी कीव में आगे बढ़ने वाले बख्तरबंद गाड़ियों को यूक्रेनी सेना द्वारा रोक दिया गया है।

रायटर्स के अनुसार रूस ने कीव में दो मिसाइलें दागी हैं जिसमें से एक जुल्यानी हवाई अड्डे के पास और दूसरी आवासीय भवन में जाकर लगी है। दूसरी ओर रूस द्वारा कीव के विक्ट्री एवेन्यू पर सैन्य इकाइयों को निशाना बनाने की खबर सामने आई है। हालांकि रूस ने इस हमले को खारिज कर दिया था लेकिन न्यूज एजेंसी एएफपी ने इसकी पुख्ता जानकारी दी है और यूक्रेन की सेना ने भी अब अपने सत्यापित फेसबुक पेज पर इसकी पुष्टि कर दी है। यूक्रेन के हालात पर भारत में जर्मनी के राजदूत वाल्टर जे लिंडनर ने पुतिन द्वारा छेड़े गए युद्ध की निंदी की है। उन्होंने कहा कि यह शर्म की बात है और साथ ही ये चेतावनी दी कि वह आर्थिक प्रतिबंधों के साथ प्रतिक्रिया देंगे। लिंडनर ने कहा कि हम दूसरे देश पर कब्जे की अनुमति नहीं दे सकते। वहीं भारत में पोलैंड के राजदूत, एडम बुराकोव्स्की ने कहा कि पोलैंड और अन्य यूरोपीय संघ के देश भी रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले की निंदा करते हैं।उन्होंने कहा कि रूस की आक्रामक कार्रवाई ने हमारे नागरिकों के लिए भी एक बड़ी समस्या खड़ी कर दी है। साथ ही बुराकोव्स्की ने भरोसा दिया कि जो भारतीय यूक्रेन में रूसी आक्रमण से बच गए हैं, हम उन्हें पोलैंड में लाने में मदद कर रहे हैं।

**रूस को अलग-थलग करने की अपील**- रूस के यूक्रेन पर जारी हमले के बीच यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने कीव की एक तस्वीर साझा की है। तसवीर से रूस द्वारा नागरिकों के ऊपर किए जा रहे हमले के साफ सबूत दिख रहे हैं। तसवीर में एक बहुमंजिला इमारत पर किए गए राकेट हमले को दिखाया गया है। मंत्री ने इसके जरिए दुनिया से रूस को अलग-थलग करने की अपील की है।

### सौतेले बच्चे को मिलेगी अनुकंपा के आधार पर नौकरीः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में व्यवस्था दी है कि दूसरी पत्नी से पैदा हुए सौतेले बच्चे को पिता की मृत्यु के बाद अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे बच्चे को रोजगार देने से मना करना संविधान के अनुच्छेद 16 (2) का घोर उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस यूयू ललित की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने यह फैसला देते हुए रेलवे को आदेश दिया कि वह मृत रेलवेकर्मी जगदीश के पुत्र को, जो उसकी दूसरी पत्नी से पैदा हुआ था, को नौकरी देने पर विचार करे। सिर्फ पहली पत्नी के बच्चे को मंजूरी देने वाला रेलवे का 2 जनवरी 1992 की अधिसूचना भेदभावपूर्ण है। पीठ ने कहा, हिन्दू विवाह कानून, 1955 की धारा 16 में भी स्पष्ट है कि पहली पत्नी के रहते यदि हिन्दू पुरुष दूसरी शादी कर लेता है और उससे संतान पैदा होती है तो वह वैध संतान मानी जाएगी। ऐसे बच्चे को अवैध नहीं कहा जा सकता। जिस संबंध से बच्चा पैदा हुआ उसे अवैध संबंध तो कहा जा सकता है, लेकिन बच्चा अवैध नहीं हो सकता। रेलवे के विवादित 2 जनवरी 1992 सर्कुलर में कहा गया था कि यदि कोई कर्मचारी प्रशासन से बिना अनुमति के दूसरा विवाह करता है तो उसे रेलवे की सुविधाएं जिसमें नौकरी शामिल है नहीं दी जाएगी।

## रूस के सामने यूक्रेन ने टेके घुटने, पुतिन से शांति वार्ता को तैयार हुए जेलेंस्की, अब केवल जगह व समय पर हो रहा मंथन

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के बातचीत के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। पूरी दुनिया के लिए ये एक बड़ी राहत की बात है। रूसी समाचार एजेंसी तास के मुताबिक केवल इस वार्ता के लिए जगह और वक्त पर मंथन चल रहा है। आपको बता दें कि रूस की तरफ से इससे पहले कहा गया था कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की तरफ से शांति वार्ता शुरू करने को लेकर फोन किया गया था। लेकिन दोनों के बीच वार्ता की पहल इस वजह से नहीं हो सकी थी क्योंकि जेलेंस्की वार्ता को पौलेंड के शहर वर्सा में करना चाहते थे जबकि रूस चाहता था कि ये वार्ता बेलारूस के मिन्स्क में हो। रूस ने ये भी कहा था कि ये बातचीत केवल यूक्रेन को न्यूट्रल स्टेट घोषित करने को लेकर ही होगी। अब जेलेंस्की के बातचीत पर राजी होने से इस बात की उम्मीद जगने लगी है कि शायद जल्द ही इस युद्ध का अंत भी हो जाएगा।



यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के प्रेस सचिव सर्गेई निकिफोरोव का कहना है कि राष्ट्रपति ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है और शांति और युद्धविराम पर बातचीत के लिए तैयार हैं। उनके मुताबिक जेलेंस्की ने अपने फेसबुक अकाउंट पर लिखा है कि मुझे आरोपों का खंडन करना होगा कि हमने बातचीत करने से इनकार कर दिया है। यूक्रेन हमेशा से ही शांति और युद्धविराम पर बातचीत के लिए तैयार है। यह हमारी स्थायी स्थिति है। हमने रूसी राष्ट्रपति के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। निकोफोरोव के मुताबिक वार्ता के स्थान और समय के बारे में विचार-विमर्श चल रहा है। उन्होंने कहा कि जितनी जल्दी वार्ता शुरू होगी, सामान्य जीवन बहाल करने की उतनी ही अधिक संभावनाएं होंगी। रूसी राष्ट्रपति के प्रेस सचिव दिमित्री पेसकोव ने पहले कहा था कि पुतिन यूक्रेन के साथ बातचीत के लिए मिन्स्क में एक प्रतिनिधिमंडल भेजने के लिए तैयार हैं। बाद में, उन्होंने कहा कि बेलारूसी राजधानी शहर में वार्ता आयोजित करने की पहल के जवाब में यूक्रेनी पक्ष ने वर्सा को एक संभावित स्थान के रूप में सुझाया और फिर भी बाद में कोई बातचीत नहीं की। गौरतलब है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार सुबह एक टेलीविजन संबोधन में कहा कि था कि उन्होंने यूक्रेन के सताए डोनबास के लोगों की रक्षा के लिए एक विशेष सैन्य अभियान चलाने का निर्णय लिया था। उन्होंने ये भी कहा था कि मास्को का यूक्रेन के क्षेत्रों पर कब्जा करने की कोई योजना नहीं है।

### मुनव्वर राणा ने केजरीवाल पर लगाए गंभीर आरोप

नई दिल्ली (ईएमएस)। शायर मुनव्वर राणा ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाया है। मुनव्वर राणा ने कहा कि केजरीवाल सत्ता के लिए कुछ भी कर सकता है। इसके अलावा उन्होंने कवि कुमार विश्वास की ओर से केजरीवाल पर लगाए गए गंभीर आरोप पर भी अपनी बात रखी है। मुनव्वर राणा ने कहा कि कुमार विश्वास की बात में सच्चाई हो सकती है। कुमार विश्वास की ओर से केजरीवाल पर लगाए आरोपों पर राणा ने कहा कि यह झूठ भी नहीं हो सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि कुमार विश्वास और केजरीवाल के बीच गहरी दोस्ती थी। राणा ने कहा कि सत्ता के लिए केजरीवाल कुछ भी कर सकते हैं। कांग्रेस की सरकार को गिराने में और बीजेपी की सरकार को लाने वालों में सबसे बड़े नायक यही हैं।

## कथित समाजवादी का नारा, सबका साथ पर सैफई खानदान का विकास : सीएम योगी

अम्बेडकरनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि कथित समाज वादियों का एजेंडा सबका साथ, लेकिन सैफई खानदान का



विकास है। सपा के गुडे व बसपा का हाथी गरीबों का राशन खा जाता था। हमारे शासन में गरीबों को उनका हक मिल रहा है। शनिवार को मुख्यमंत्री ने कटेहरी विधानसभा क्षेत्र के रामदेव जनता इंटर कालेज में भाजपा-निषाद पार्टी के गठबंधन प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि हमारा बुलडोजर एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराता है और गुंडों व माफिया को रौंदता भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माताओं व बहनों को उज्जवला योजना के तहत होली-दीवाली में मुफ्त रसोई गैस दी जाएगी। 60 वर्ष से अधिक महिलाओं को रोडवेज बसों में निश्शुल्क यात्रा करने का मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि निषाद पार्टी के प्रत्याशी अवधेश के चुनाव चिन्ह भोजन भरी थाली पर वोट देकर जिताएं। क्योंकि भगवान राम और निषादराज में मैत्री आज से नहीं बल्कि त्रेता युग से है। इसलिए सभी एकजुट हो जाएं। योगी ने कहा कि भाजपा का मुख्य मुद्दा राष्ट्रवाद, सुशासन व विकास है। सपा और बसपा का मुद्दा माफिया को संरक्षण देना है।

इस दौरान युवाओं के जोश को देखकर योगी ने कहा कि उन्हें रोजगार, नौकरी दी गई है और आने वाले पांच वर्षों में सभी घरों को एक नौकरी, एक रोजगार अथवा एक स्वरोजगार से जरूर जोड़ा जाएगा। आधुनिक समाजवादियों ने राम भक्तों पर गोली चलवाकर उनका अपमान किया है। इसके बाद मुख्यमंत्री का उड़न खटोला अकबरपुर विधानसभा क्षेत्र के जीके जेटली इंटर कालेज पहुंचा। यहां से प्रत्याशी धर्मराज निषाद के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मराज निषाद को जिताओ ताकि यहां का भी विकास तेजी गति से हो सके।

## जम्मू-कश्मीर में अब ड्रोन से हथियार और केमिकल भेज रहा पाक : दिलबाग सिंह

नई दिल्ली (ईएमएस)। जब से जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा है तब से यहां आतंकियों का सफाया करने के लिए बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। भारतीय सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान आयतित इन आतंकवादियों की कमर तोड़ दी है। पाकिस्तान इससे हताश हो गया है अब आतंकियों की मदद करने के लिए वह ड्रोन से गोला-बारूद भेजना शुरू कर दिया है। जम्मू कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने बताया कि कल पाकिस्तानी ड्रोन से ग्रेनेड, आईईडी, पिस्टल और विस्फोटक गए। इसके अलावा लिक्विड भेजा गया जिसका इस्तेमाल बम बनाने में होता है।

उन्होंने बताया कि यह केमिकल पहली बार ड्रोन से भेजा गया है। जीपी दिलबाग सिंह ने कहा, हम इस बात की पड़ताल कर रहे हैं कि इस केमिकल का क्या इस्तेमाल होता है और यह हमारे लिए कितना नुकसानदायक है। कल ही ड्रोन से केमिकल की खेप को जम्मू कश्मीर में भेजा गया था जिसे सीज कर लिया गया है। दिलबाग सिंह ने बताया पिछले दो साल से हम पाकिस्तान की ओर से नई चुनौतियां का सामना कर रहे हैं। अब इस क्षेत्र में पाकिस्तान की तरफ से नशे का उत्पाद और हथियार भेजा जा रहा है। यहां आतंकवादियों की कमर टूट चुकी है। इसलिए पाकिस्तान मादक पदार्थों को भेज रहा है, ताकि आतंकवादी इसका इस्तेमाल कर पैसा बना सके और आतंकियों के लिए ज्यादा पैसा जमा हो सके। दिलबाग सिंह ने कहा, वह चाहे कितना भी षडयंत्र रच लें, लेकिन हम उनके मंसूबे को कामयाब नहीं होने देंगे। म्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने बताया, पिछले साल जम्मू-कश्मीर में 182 आतंकी मारे गए और 300 से ज्यादा हथियार बरामद किए गए। इतने बड़ी संख्या में आतंकियों के मारे जाने से पाकिस्तान हताश है। यही कारण है वह जम्मू कश्मीर में आतंकियों को और ज्यादा हथियार भेजना चाहता है। इसके अलावा आतंकियों को भेजने की मंशा तो है ही। दिलबाग सिंह ने बताया कि इतना करने के बावजूद हम पाकिस्तान को इस मंसूबे में कामयाब नहीं होने देंगे।

## डीयू के दीक्षा समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले- डाक्टर होकर भी कोई अफजल गुरु बन सकता है

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 98वें दीक्षा समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छोटे नहीं बड़े मन वाला बनना चाहिए। क्योंकि छोटे मन वाला अमेरिका में 9/11 को टावर गिराता है। बड़े मन वाले हमारे ऋषि मुनि थे। आपको यह ध्यान रखना होगा कि खूब पढ़-लिखकर, अमेरिका में पायलट की ट्रेनिंग करने वाला वर्ल्ड ट्रेड सेंटर गिराने वाला खालिद शेख या मोहम्मद अट्टा बन सकता है। डाक्टर होकर भी कोई अफजल गुरु बन सकता है और चार्टेड अकाउंटेंट होकर भी कोई याकूब मेनन बन सकता है। अरबपति होकर भी ओसामा बिन लादेन हो सकता है। इसलिए संस्कार बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। जो लोग केवल यह कहते हैं कि गरीबी, अशिक्षा, आतंकवाद का कारण है उन्हें यह उदाहरण गलत ठहराते हैं। देश आजादी का अमृत महोत्सव



मना रहा है। भारत के ज्ञान, समानता, समरसता का स्मरण करते हुए षड्यंत्र पूर्वक जो बिष दिमाग मे भरा गया है। उसे बाहर निकालने की कोशिश करनी चाहिए। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि सबसे अधिक खतरा प्रोगेसिव लोगों से हैं। जिन्हें मैं सो काल्ड प्रोगेसिव कहता हूं। हमारा सपना है कि भारत फिर से जगतगुरु बने। भारत को शक्तिमान, धनवान, ज्ञानवान बनाना चाहते है। देशवासियों को संस्कारवान बनाना चाहते हैं। हमारी शक्ति दुनिया के किसी देश को डराने के लिए नहीं होगी। भारत ही ऐसा देश है जिसने आजतक किसी अन्य देश पर आक्रमण नहीं किया। किसी अन्य देश की एक इंच तक जमीन नहीं कब्जा की। उल्लेखनीय है कि इस बार कोरोना संक्रमण के कारण समारोह का हाईब्रिड आयोजन किया गया। भीड़ न उमड़े, इसके लिए दीक्षा समारोह का आनलाइन प्रसारण भी गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। दीक्षा समारोह में रिकार्ड शोधार्थियों को पीएचडी की डिग्री दी गई।


## त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति थे वीर सावरकर पुण्यतिथि पर प्रधानमंत्री मोदी ने किया याद

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की 56वीं पुण्यतिथि पर शनिवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनका जीवन देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। मोदी ने ट्वीट में कहा त्याग और तप की प्रतिमूर्ति महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर को उनकी पुण्यतिथि पर सादर नमन। भारतीय राजनीति की विवादित हस्तियों में शुमार सावरकर पर राजनीतिक दलों से लेकर लोगों की राय भी विभाजित है। रत्नागिरि में पैदा हुए सावरकर की पहचान हिंदू राष्ट्रवादी विचारधारा के जनक के रूप में होती है। हिंदू महासभा में शामिल होकर सावरकर ने 'हिंदुत्व' को लोकप्रिय बनाया। भारत की एक हिंदू राष्ट्र के रूप में परिकल्पना का भी सावरकर ने समर्थन किया। सावरकर ने 26 फरवरी, 1966 को बॉम्बे (अब मुंबई) में अंतिम सांस ली। सावरकर को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कह चुके हैं कि अगर सावरकर न होते तो शायद 1857 की लड़ाई को भारतीय इतिहास में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का नाम न मिलता। 2019 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने घोषणापत्र में वीर सावरकर को भारत रत्न देने का वादा किया था, जिसको लेकर कांग्रेस ने सवाल भी उठाए थे। कई मौकों पर सावरकर को लेकर विवाद खड़ा होता रहा है। वाजपेयी सरकार वीर सावरकर को भारत रत्न देने की कोशिश कर चुकी है। सन 2000 में वाजपेयी सरकार ने तत्कालीन राष्ट्रपति केआर नारायणन के पास प्रस्ताव भेजा था, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया था। 28 मई, 1883 को एक मराठी ब्राह्मण परिवार में जन्मे सावरकर हिंदू राष्ट्र और अखंड भारत के अपने नजरिए के लिए जाने जाते हैं। भारत छोड़ो आंदोलन और दूसरे विश्व युद्ध के दौरान सावरकर हिंदू महासभा के अध्यक्ष थे। वर्ष 1937 से 1942 तक वीर सावरकर अखिल भारत हिंदू महासभा के 15वें राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे थे।

## नई भू-रणनीतिक प्राथमिकताओं की वजह से यूएन में रूस के खिलाफ वोटिंग से दूर रहे भारत-चीन

नई दिल्ली (ईएमएस)। विंटर ओलिंपिक्स के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी समकक्ष शी जिनपिंग ने जब 'नो लिमिट' यानी असीमित सहयोग वाले समझौते पर दस्तखत किए तब यह पता नहीं था कि कुछ दिनों बाद ही एशिया और यूरोप के सामरिक समीकरण बदलने वाले हैं। इस करार के माध्यम से दोनों देशों ने अमेरिका के खिलाफ जुगलबंदी का नया अध्याय लिखा था। इसलिए जब पुतिन ने डोन्टेस्क और लुहांस्क को रूसी हिस्सा घोषित कर यूक्रेन पर हमला कर दिया तो कुछ घंटों के भीतर ही इसका लिटमस टेस्ट भी होना तय हो गया। चार फरवरी के समझौते की परीक्षा 24 फरवरी को होनी थी। न ही भारत ने और न ही चीन ने सोचा था कि पुतिन अटैक करेंगे। अब जब रूस की सेना यूक्रेन की राजधानी कीव में घुस चुकी है और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में निंदा प्रस्ताव आ गया तो फैसले की घड़ी भी आ गई।

इससे पहले भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर पुतिन के विरोध के बावजूद नाटो के विस्तार पर चिंता जता चुके थे। रूस पर अमेरिकी और यूरोपीय प्रतिबंधों का असर भारत पर पड़ने की बात भी विदेश सचिव हर्ष श्रृंगला सार्वजनिक कर चुके थे। साथ ही रूस के साथ दशकों के पुराने संबंधों को भी ध्यान रखना था। इसलिए जब वोटिंग हुई तो भारत ने इसमें हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया।



उधर रूस के बेहद करीब आ चुके चीन ने भी भारत की तरह वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति से भारत के बेहद करीब आ चुके सऊदी अरब ने भी यही फैसला लिया। रूस ने वीटो का इस्तेमाल किया। निंदा प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। इसके बाद यूएन महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने बेबसी वाला ट्वीट किया यूएन का गठन युद्ध के बाद युद्ध समाप्त करने के लिए हुआ था। आज वह उद्देश्य हासिल नहीं हो सका, लेकिन हमें हार नहीं माननी चाहिए, हमें शांति को एक और मौका देना चाहिए। वैसे भारत और चीन वोट करते भी तो फर्क नहीं पड़ता क्योंकि रूस के पास खुद ही वीटो पावर है। पर ज्यादा महत्वपूर्ण है अमेरिका और नाटो देशों के दबाव में न आना। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन समेत पश्चिमी नेता पीएम मोदी से तटस्थता छोड़कर पुतिन की आलोचना करने का दबाव बना रहे थे। भारत के लिए कूटनीतिक परीक्षा की घड़ी थी क्योंकि यूक्रेन पर हमले से यूएन चार्टर का उल्लंघन हुआ है। इसलिए भारत ने वोट न करने को जो कारण बताए उसके साथ-साथ यह भी कहा कि युद्ध से किसी मसले का हल नहीं निकल सकता। यूएन में भारत के प्रतिनिधि तिरुमूर्ति ने एक स्पष्टीकरण जारी किया। इसके मुख्य बिंदु इस तरह हैं। भारत यूकेन के मौजूदा हालात पर गहरी चिंता व्यक्त करता है। हम सभी पक्षों से हिंसा और शत्रुता जल्दी खत्म करने की अपील करते हैं। मानव जीवन की कीमत पर कोई निदान नहीं निकल सकता।

## बार-बार अपराध न करने वाले अपराधियों को दें जमानतः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय उन दोषियों को जमानत मंजूर करने पर विचार कर सकता है, जिन्होंने बार-बार अपराध नहीं किया है और जो 14 वर्ष या उससे अधिक की जेल की सजा काट चुके हों, क्योंकि इससे लंबित मामले घटेंगे। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि जिन अपराधियों ने 10 से 14 साल तक की जेल की सजा काट ली हैं, उनकी उच्च न्यायालय के खिलाफ अपील लंबित होने के दौरान जमानत याचिका पर विचार किया जा सकता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय और इसकी लखनऊ पीठ में अगस्त 2021 तक लंबित आपाराधिक अपीलों की कुल संख्या एक लाख 83 हजार थी। उत्तर प्रदेश की विभिन्न जेलों में 7,214 अपराधी ऐसे हैं, जो 10 साल से अधिक सजा काट चुके हैं और उनकी आपराधिक अपीलें उच्च न्यायालय में लंबित है। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश की पीठ इलाहाबाद उच्च न्यायालय और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उन दोषियों को जमानत के मुद्दे से निपटने के सामान्य निदेशों के अनुपालन न किये जाने को लेकर "नाराज" थी, जिन्होंने सजा की काफी अवधि की काट ली है और निकट भविष्य में उनकी अपील पर सुनवाई की कोई संभावना नजर नहीं है। इसके बाद पीठ ने उच्च न्यायालय द्वारा दोषियों को जमानत देने से इनकार करने के खिलाफ दायर ऐसे 21 मामलों में जमानत दे दी। पीठ ने कहा, "तथ्य मौजूद हैं। यदि एक दोषी व्यक्ति ने 14 वर्ष या उससे अधिक की सजा काट ली है तो उसके मामले पर सजा में छूट की संभावना है। अदालत को चाहिए कि वह या तो जिला अधिकारियों को शेष सजा माफ करने की अर्जी पर तीन माह के भीतर विचार को लेकर निर्देश दे या तो उसे जमानत पर रिहा कर दे।" पीठ ने उच्च न्यायालय और राज्य सरकार की ओर से पेश वकील को अपना वह निर्देश मानने को कहा कि ऐसे दोषियों की जमानत मंजूर की जानी चाहिए।

## चिंतन मनन

### भारत का रुख

अब जबकि रूस ने यूक्रेन पर हमले शुरू कर दिए हैं, भारत ने अपना निष्पक्ष रुख बरकरार रखा है। यूएन में फिर से भारत ने कहा है कि तनाव को तत्काल कम करने की जरूरत है। भारत के रुख की सराहना करते हुए रूसी राजनयिक ने कहा, भारत ने इस मुद्दे पर जो रुख अपनाया है, रूस इसका स्वागत करता है। भारत एक वैश्विक शक्ति की अपनी स्थिति के अनुसार काम कर रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। रूस ने यूक्रेन पर हमला बोल दिया है। राजधानी कीव समेत लगभग सभी शहरों में बमबारी शुरू हो गई है। यूक्रेन के सैन्य ठिकानों को भी रूस निशाना बना रहा है। यूक्रेन ने भी रूस पर जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने यह भी साफ कर दिया है कि वह अब पीछे हटने वाले नहीं हैं। इस बीच, पूरी दुनिया की निगाहें नाटो और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कदम पर टिक गईं हैं। हालांकि नेटो ने यह भी साफ कर दिया है कि वह फिलहाल सैन्य मदद नहीं करेगा। इसके बाद सभी के मन में यही सवाल है कि अब आगे क्या होगा? क्या ये तीसरे विश्व युद्ध की आहट है? अगर ऐसी स्थिति बनी की भारत को यूक्रेन और रूस में से किसी एक का चुनाव करना होगा तो किसका करेगा? पूरी दुनिया यूक्रेन सीमा पर हजारों रूसी सैनिकों के मूवमेंट पर नजरें गड़ाए हैं। रूस और यूक्रेन के बीच वॉर की आशंका मजबूत होती जा रही है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूर्वी यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र में विद्रोहियों के कब्जे वाले शहरों डोनेट्स्क और लुहान्स्की को अलग देश की मान्यता देने के बाद सेना भेजने का आदेश कर दिया है। रूस के इस कदम को युद्ध की पहल माना जा रहा है। रूस-यूक्रेन तनाव का असर पूरी दुनिया पर दिख रहा है। एक-एक करके स्टॉक मार्केट्स क्रैश हो रहे हैं, कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं, गैस के दाम भी बढ़ने की पूरी संभावना है। इन सबके बीच, अब तक भारत ने रूस के खिलाफ कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। उसने सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। भारत के इस रुख के पीछे कई वजहें हैं और उनमें पाकिस्तान एक अहम फैक्टर है। रूस और यूक्रेन के बीच जारी तनाव में भारत के किसी का पक्ष न लेने की एक प्रमुख वजह हो सकता है- पाकिस्तान। दरअसल, यूक्रेन और पाकिस्तान के रक्षा संबंध बेहद मजबूत हैं। यूक्रेन ने ही पाकिस्तान को टी-80डी टैंक सप्लाई किए जिसके जवाब में भारत को रूस से टी-90 टैंक हासिल करने के लिए तेजी दिखानी पड़ी। 2020 में पाक के एयर-टू-एयर रीफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट की रिपेयरिंग का ठेका भी यूक्रेन को मिला था। यूक्रेन में पिछले एक दशक से पाकिस्तान के राजदूत के रूप में सेना के किसी पूर्व अधिकारी को तैनात किया गया है। यह सब जाहिर करता है कि पाक और यूक्रेन की दोस्ती गहरी है। पाकिस्तान ने 2018 में रूस से 300 टी-90 टैंक खरीदने चाहे थे मगर उसने मना कर दिया था। उसके बाद 2019 में भारत ने इन टैंकों की खरीद को हरी झंडी दे दी। जब पाकिस्तान मॉस्को से हथियार नहीं खरीद पाया तो उसने यूक्रेन का रुख किया। 2014 के बाद से चीन और यूक्रेन के आर्थिक संबंध भी मजबूत हुए हैं, हालांकि राजनीतिक रूप से वह रूस के साथ खड़ा नजर आता है। भारत ने यूएन में सभी देशों के सुरक्षा हितों का संदर्भ देकर एक तरह से नाटो को लेकर रूस की सुरक्षा गारंटियों की मांग को रजामंदी दे दी है। भारत को डिफेंस हार्डवेयर सप्लाई करने में रूस की अहम जगह है। नई दिल्ली कोई ऐसा कदम नहीं उठाना चाहती जिससे मॉस्को और बीजिंग एक-दूसरे के और करीब आएं। यूएन की बैठक में भारत ने यूक्रेन पर बातचीत के जरिए तनाव कम करने पर जोर दिया। भारत के स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने कहा, 'हम सैन्य तनाव का जोखिम नहीं उठा सकते। यूक्रेन की सीमा पर हो रही गतिविधियों पर भारत नजर बनाए हुए है। सभी पक्षों को संयम बरतना चाहिए। यूक्रेन के लोगों की सुरक्षा की चिंता करनी चाहिए। तिरुमूर्ति ने कहा कि रूसी संघ के साथ यूक्रेन की सीमा पर बढ़ता तनाव गहरी चिंता का विषय है। इन घटनाक्रमों में क्षेत्र की शांति और सुरक्षा खंडित होगी।

### है करनी पहचान !



हर देश की इज्जत ।
रहती उसके हाथ ।।
पड़ता है जब वक्त ।
नहीं है मिलता साथ ।।
कमजोरी की अपनी ।
है करनी पहचान ।।
वरना हो जाता है ।
धूमिल फिर सम्मान ।।
कूटनीति का हर पल ।
है करना उपयोग ।।
राह फिर आसान ।
बन जाता है योग ।।
नफा और नुकसान ।।
भूमिका निभाते ।।
वरना मुश्किल दौर ।
जो इससे कतराते ।।
–कृष्णेन्द्र राय

# हिजाब, हंगामा और शिक्षण संस्थान

उर्दू के मशहूर शायर मजाज लखनबी ने क्या खूब कहा है कि, 'तेरे माथे पे यह आचंल बहुत खूब है लेकिन तू इस आचंल से एक परचम बना लेती तो अच्छा था'। लेकिन वो कहते है ना कि लड़कियों के दुःख अजब होते हैं, सुख उससे अजब। हँस रही है और काजल भीगता है साथ साथ...! वर्तमान दौर में महिलाओं की स्थिति कुछ इसी तरह की है। महिलाओं के लिए अक़्सर समता समानता की बात होती है, लेकिन क्या वास्तव में ऐसा सम्भव है शायद नहीं...! महिला और पुरुष ईश्वर की एक अनुपम संरचना है। जिसमें महिलाओं को पुरुषों से श्रेष्ठ दैवीय वरदान ईश्वर ने दिए है। स्त्री का कोमल मन माँ बनकर एक नये जीवन का सृजन करना, ये ऐसे वरदान है जो हर परिस्थिति में एक महिला को पुरुष से पृथक करते है। लेकिन यहाँ मुद्दा यह नहीं है कि महिला पुरुष में श्रेष्ठ कौन है? यहां चर्चा समता और समानता की भी नहीं हो रही है।

बल्कि वर्तमान दौर में महिलाओं के नाम पर एक अलग ही राजनीति इन दिनों चर्चा का केंद्र बनी हुई है। यूं तो महिलाओं को मुद्दा बनाकर राजनीति करना कोई नई बात नहीं है, लेकिन अफसोस की महिलाएं खुद इस जंग में मोहरा बनने को बेताब हुए जा रही है। एक तरफ इंसान चांद और मंगल पर जीवन की संभावनाएं तलाश रहा है लेकिन दूसरी तरह महिलाओं के कपड़ों के नाम पर राजनीति होना विकृत मानसिकता को प्रदर्शित करता है। क्या कपड़े किसी के व्यक्तित्व की पहचान हो सकते है, बेशक नहीं। लेकिन फिर भी देश में इन दिनों एक धर्म विशेष की महिलाओं के कपड़ों के नाम पर राजनीति का बाजार गर्म हुए जा रहा है। जिसकी आग कर्नाटक के शिक्षण संस्थानों से देश भर में फैलती जा रही है।

ये सच है कि आज भी देश में महिलाओं को पुरुषों के समान शिक्षा नहीं दी जाती है। खासकर मुस्लिम महिलाओं की बात करें तो उनकी स्थिति तो और बुरी है। ऐसे में कपड़ों के नाम पर शिक्षण संस्थानों में राजनीति करना कहाँ तक उचित है? क्या पहनावा शिक्षा से बढ़कर हो गया है? वैसे देखा जाए तो धर्म कोई भी हो, लेकिन उसके रीति रिवाजों का पालन करने की जिम्मेदारी महिलाओं की ही होती है। पितृसत्तात्मक समाज में महिलाओं को ही मयार्दा की शिक्षा दी जाती है। लक्ष्मण रेखा भी उन्हीं के लिए खींची जाती है। ऐसे में अगर महिलाएं उस सीमा को लांघने का प्रयास करें तो उसके चरित्र



पर उंगलियां उठा दी जाती है। यही वजह है कि महिलाएं अक़्सर अपने खिलाफ हो रहे अन्याय का विरोध तक नहीं कर पाती है। वही इन दिनों राजनीति में नया ही प्रयोग शुरू हो गया है। जहां महिलाओं को मोहरा बनाकर देश में अशांति फैलाई जाती है। यहां बात महिलाओं के हक या अधिकार की नहीं है, बल्कि महिलाओं को आगे करके किस तरह वैश्विक पटल पर देश को बदनाम करने का खेल रचा जाता है। इससे हर कोई वाकिफ है। यह बात समझ से परे है कि आखिर शिक्षण संस्थानों को राजनीति का अखाड़ा क्यों बनाया जा रहा है? यह पहला मामला नहीं है जब शिक्षण संस्थानों में राजनीति का रंग परवान चढ़ा है। देश के एक प्रतिष्ठित कॉलेज में ही राजनीति का नँगा नाच किया गया और विडंबना देखिए कि देश के बड़े राजनीतिक दल ने उसका समर्थन तक किया।

आज एक बार फिर शिक्षण संस्थानों में हिजाब को लेकर राजनीति हो रही है। देश को हिन्दू मुस्लिम में बांटने का प्रयत्न किया जा रहा है। ऐसे में कहीं यह तो नहीं कि महिलाओं को शिक्षा से दूर रखने की साजिश की जा रही हो। इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता क्योंकि आज भी देश में आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं अपने अधिकारों से वंचित है। हमारे ही देश में पुरुषों का एक वर्ग ऐसा भी है जो महिलाओं को चार दिवारी में कैद रखने की वकालत करता है। वह किसी कीमत पर नहीं चाहता कि महिलाओं को समान अधिकार मिले, क्योंकि अगर ऐसा होता है तो उनकी सत्ता छीन जाने का भय बना रहेगा। वह चाहते है कि महिलाएं कमजोर बनी रहे। जिस पर वह अपनी हुकूमत चला सके। ऐसे में उल्लेखनीय बात यह है कि महिलाओं को इन सबको समझना होगा। तभी उनका सर्वांगीण विकास सम्भव हो पाएगा। वैसे हमारे देश में महिलाओं को सदैव बड़ों का सम्मान करने की सीख दी जाती रही है। पर इसके लिए क्या घूंघट या हिजाब में रहना जरूरी है। डॉ भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि पर्दा प्रथा की वजह से मुस्लिम महिलाओं में दासता और हीनता की मनोवृत्ति बनी रहती है। पर्दाप्रथा के कारण मुस्लिम महिलाओं के मानसिक व नैतिक विकास में अवरोध उत्पन्न होता है। यह सब जानने समझने के बाद भी मुस्लिम महिलाओं का हिजाब को लेकर शिक्षण संस्थानों में विरोध प्रदर्शन करना महज राजनीति से प्रेरित लगता है। इतना ही नहीं हमने बचपन से ही यही सीखा और सुना है कि स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में यूनिफॉर्म इसलिए होती, ताकि ऊंच-नीच, अमीर-गरीब और जाति-धर्म का भेद भूलकर बच्चें सिर्फ पढ़ाई कर सकें।

## अनसुलझी सी जिंदगी

**जब बैठे बैठे कुछ करने को नहीं सुझता है तब; बस यूँ ही कुछ दूर कविताओं के संग सफर तय कर लेते है .....**



खुद में खोई खोई हूँ जाने किस सवाल में
खुद को ढूंढा करती हूँ जाने किस जवाब में
पहेली नहीं हूँ फिर भी अनसुलझी हूँ
सीसा (कांच)नहीं हूँ फिर भी बिखरी हुई हूँ

जाने किस गुत्थी में उलझी हुई हूँ
खुद के लिए अब खुद से वक्त मांगती हूँ
जाने किस जख्म के दर्द से लिपटी पड़ी हूँ
जाने किस डर से ,
खुद को खुद में सिमेटे पड़ी हूँ
जाने किस आह से नम आँखे लिए खड़ी हूँ

बर्फ नही हूँ फिर जाने क्यूं जम- सी गई हूँ
पत्थर नही हूँ फिर जाने क्यूँ थम सी गई हूँ
नदी नहीं हूँ फिर क्यूं बह सी रही हूँ
समंदर नहीं हूँ फिर क्यूँ गहरी होती जा रही हूँ

इस क्रूर जंगल में जाने क्या खोजने निकल पड़ी हूँ
रिश्तो के धोखे में जाने क्या छान रही हूँ
सूखे पेड़ो पे हरियाली ढूंढ़ रही हूँ
सावन में पतझड़ को देख रही हू
बारिस मे मुरझाये खेतो को देख रही हूँ

पता है रास्ता पर फिर भी गुम सी हूं ,
चारो तरफ है सावन पर फिर भी नम सी हूं ,
है हरतरफ उजाला पर मैं तम सी हूं ,
उकेरते है लोग मेरे हर गम पर मै चुप सी हूं......

**रंजना यादव**
**बलिया**

# श्री चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि

चन्द्रशेखर 'आजाद (२३ जुलाई १९०६ – २७ फरवरी १९३१) भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के स्वतंत्रता सेनानी थे। वे शहीद राम प्रसाद बिस्मिल व शहीद भगत सिंह सरीखे क्रान्तिकारियों के अनन्यतम साथियों में से थे। सन १९२२ में गाँधीजी द्वारा असहयोग आन्दोलन को अचानक बन्द कर देने के कारण उनकी विचारधारा में बदलाव आया और वे क्रान्तिकारी गतिविधियों से जुड़ कर हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य बन गये। इस संस्था के माध्यम से राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में पहले ९ अगस्त १९२५ को काकोरी काण्ड किया और फरार हो गये।

चन्द्रशेखर आजाद का जन्म भाबरा गाँव (अब चन्द्रशेखर आजादनगर) (वर्तमान अलीराजपुर जिला) में एक ब्राह्मण परिवार में 23 जुलाई सन् 1906 को हुआ था. उनके पूर्वज ग्राम बदरका वर्तमान उन्नाव जिला (बैसवारा) से थे। आजाद के पिता पण्डित सीताराम तिवारी अकाल के समय अपने पैतृक निवास बदरका को छोड़कर पहले कुछ दिनों मध्य प्रदेश अलीराजपुर रियासत में नौकरी करते रहे फिर जाकर भाबरा गाँव में बस गये। यहीं बालक चन्द्रशेखर का बचपन बीता। उनकी माँ का नाम जगरानी देवी था।

**पहली घटना**– १९१९ में हुए अमृतसर के जलियांवाला बाग नरसंहार ने देश के नवयुवकों को उद्वेलित कर दिया। चन्द्रशेखर उस समय पढाई कर रहे थे। जब गांधीजी ने सन् १९२० में असहयोग आन्दोलनका फरमान जारी किया तो वह आग ज्वालामुखी बनकर फट पड़ी और तमाम अन्य छात्रों की भाँति चन्द्रशेखर भी सडकों पर उतर आये। अपने विद्यालय के छात्रों के जत्थे के साथ इस आन्दोलन में भाग लेने पर वे पहली बार गिरफ़्तार हुए और उन्हें १५ बेतों की सजा मिली। इस घटना का उल्लेख पं० जवाहरलाल नेहरू ने कायदा तोड़ने वाले एक छोटे से लड़के की कहानी के रूप में किया है-

चंद्रशेखर आजाद ने एक निर्धारित समय के लिए झांसी को अपना गढ़ बना लिया। झांसी से पंद्रह किलोमीटर दूर ओरछा के जंगलों में वह अपने साथियों के साथ निशानेबाजी किया करते थे।

**क्रान्तिकारी संगठन**– असहयोग आन्दोलन के दौरान जब फरवरी १९२२ में (चौरी चौरा) की घटना के पश्चात बिना किसी से पूछे (गाँधीजी) ने आन्दोलन वापस ले लिया तो देश के तमाम नवयुवकों की तरह आजाद का भी कांग्रेस से मोह भंग हो गया और पण्डित राम प्रसाद बिस्मिल, शचीन्द्रनाथ सान्याल योगेशचन्द्र चटर्जी ने १९२४ में उत्तर भारत के क्रान्तिकारियों को लेकर एक दल हिन्दुस्तानी प्रजातान्त्रिक संघ (एच० आर० ए०) का गठन किया। चन्द्रशेखर आजाद भी इस दल में शामिल हो गये। इस संघ की नीतियों के अनुसार ९ अगस्त १९२५ को काकोरी काण्ड को अंजाम दिया गया। जब शाहजहाँपुर में इस योजना के बारे में चर्चा करने के लिये मीटिंग बुलायी गयी तो दल के एक मात्र सदस्य अशफाक उल्ला खाँ ने इसका विरोध किया था।



४ क्रान्तिकारियों को फाँसी और १६ को कड़ी कैद की सजा के बाद चन्द्रशेखर आजाद ने उत्तर भारत के सभी कान्तिकारियों को एकत्र कर ८ सितम्बर १९२८ को दिल्ली के फीरोज शाह कोटला मैदान में एक गुप्त सभा का आयोजन किया। चन्द्रशेखर आजाद ने सेना-प्रमुख (कमाण्डर-इन-चीफ) का दायित्व सम्हाला। इस दल के गठन के पश्चात एक नया लक्ष्य निर्धारित किया गया - "हमारी लड़ाई आखरी फैसला होने तक जारी रहेगी और वह फैसला है जीत या मौत।"

17 दिसम्बर, 1928 को चन्द्रशेखर आजाद, भगत सिंह और राजगुरु ने संध्या के समय लाहौर में पुलिस अधीक्षक के दफ़्तर को जा घेरा। ज्यों ही जे. पी. सांडर्स अपने अंगरक्षक के साथ मोटर साइकिल पर बैठकर निकला, पहली गोली राजगुरु ने दाग दी, जो साडंर्स के मस्तक पर लगी और वह मोटर साइकिल से नीचे गिर पड़ा। भगतसिंह ने आगे बढ़कर चार-छह गोलियाँ और दागकर उसे बिल्कुल ठंडा कर दिया। जब सांडर्स के अंगरक्षक ने पीछा किया तो चन्द्रशेखर आजाद ने अपनी गोली से उसे भी समाप्त कर दिया। लाहौर नगर में जगह-जगह परचे चिपका दिए गए कि लाला लाजपतराय की मृत्यु का बदला ले लिया गया।

चन्द्रशेखर आजाद के ही सफल नेतृत्व में भगतसिंह और बटुकेश्वर दत्त ने 8 अप्रैल, 1929 को दिल्ली की केन्द्रीय असेंबली में बम विस्फोट किया। यह विस्फोट किसी को भी नुकसान पहुँचाने के उद्देश्य से नहीं किया गया था।

आजाद के प्रशंसकों में पण्डित मोतीलाल नेहरू, पुरुषोत्तमदास टंडन का नाम शुमार था। जवाहरलाल नेहरू से आजाद की भेंट आनन्द भवन में हुई थी उसका ज़िक्र नेहरू ने अपनी आत्मकथा में 'फासीवादी मनोवृत्ति' के रूप में किया है। आजाद को २८ मई १९३० को भगवती चरण वोहरा की बम-परीक्षण में हुई शहादत से भी गहरा आघात लगा था। इसके कारण भगत सिंह को जेल से छुड़ाने की योजना भी खटाई में पड़ गयी थी। भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु की फाँसी रुकवाने के लिए आजाद ने दुर्गा भाभी को गांधीजी के पास भेजा जहाँ से उन्हें कोरा जवाब दे दिया गया था।

**बलिदान**– एच०एस०आर०ए० द्वारा किये गये साण्डर्स-वध और दिल्ली एसेम्बली बम काण्ड में फाँसी की सजा पाये तीन अभियुक्तों- भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव ने अपील करने से साफ मना कर ही दिया था। वे उत्तर प्रदेश की हरदोई जेल में जाकर गणेशशंकर विद्यार्थी से मिले। विद्यार्थी से परामर्श कर वे इलाहाबाद गये और २० फरवरी को जवाहरलाल नेहरू से उनके निवास आनन्द भवन में भेंट की। आजाद ने पण्डित नेहरू से यह आग्रह किया कि वे गांधी जी पर लॉर्ड इरविन से इन तीनों की फाँसी को उम्र- कैद में बदलवाने के लिये जोर डालें! अल्फ्रेड पार्क में अपने एक मित्र सुखदेव राज से मन्त्रणा कर ही रहे थे तभी सी०आई०डी० का एस०एस०पी० नॉट बाबर जीप से वहाँ आ पहुँचा। उसके पीछे-पीछे भारी संख्या में कर्नलगंज थाने से पुलिस भी आ गयी। दोनों ओर से हुई भयंकर गोलीबारी में आजाद ने तीन पुलिस कर्मियों को मौत के घाट उतार दिया और कई अंग्रेज सैनिक घायल हो गए। अंत में जब उनकी बंदूक में एक ही गोली बची तो वो गोली उन्होंने खुद को मार ली और वीरगति को प्राप्त हो गए। यह दुखद घटना २७ फरवरी १९३१ के दिन घटित हुई और हमेशा के लिये इतिहास में दर्ज हो गयी।

आजाद के बलिदान की खबर जवाहरलाल नेहरू की पत्नी कमला नेहरू को मिली तो उन्होंने तमाम काँग्रेसी नेताओं व अन्य देशभक्तों को इसकी सूचना दी।। बाद में शाम के वक्त लोगों का हुजूम पुरुषोत्तम दास टंडन के नेतृत्व में इलाहाबाद के रसूलाबाद शमशान घाट पर कमला नेहरू को साथ लेकर पहुँचा।

**व्यक्तिगत जीवन**– आजाद प्रखर देशभक्त थे। काकोरी काण्ड में फरार होने के बाद से ही उन्होंने छिपने के लिए साधु का वेश बनाना बखूबी सीख लिया था और इसका उपयोग उन्होंने कई बार किया। चन्द्रशेखर आजाद ने वीरता की नई परिभाषा लिखी थी। उनके बलिदान के बाद उनके द्वारा प्रारम्भ किया गया आन्दोलन और तेज हो गया, उनसे प्रेरणा लेकर हजारों युवक स्वतन्त्रता आन्दोलन में कूद पड़े। आजाद की शहादत के सोलह वर्षों बाद १५ अगस्त सन् १९४७ को हिन्दुस्तान की आजादी का उनका सपना पूरा तो हुआ किन्तु वे उसे जीते जी देख न सके। सभी उन्हें पण्डितजी ही कहकर सम्बोधित किया करते थे।

# क्रांतिवीरों के शिरोमणि चंद्रशेखर आजाद

हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी इस क्रांतिकारी संगठन का नेतृत्व स्वीकार करने पर चंद्रशेखर आजाद ने कई युवकों को सशस्त्र क्रांतिकार्य की ओर मोड दिया । उन्होंने काकोरी ट्रेन एक्शन, सॉन्डर्स वध, केंद्रीय सदन में बम फेकना जैसी कृतियां कीं । अंग्रेजों के चंगुल में फंसे इस क्रांतिसूर्य ने अंततः स्वयं पर गोली चलाकर अपना आजाद नाम सार्थक बनाया ।

जन्म : 23 जुलाई 1906, भाबरा ; गौरवशाली बलिदान दिवस : 27 फरवरी 1931

इलाहाबाद चंद्रशेखर आजाद का जन्म मध्य भारत के जाबुआ तहसील में स्थित भाबरा गांव में हुआ । उनके पिता का नाम सीताराम तिवारी और माता का नाम जगदानी देवी था । बनारस में संस्कृत का अध्ययन करते समय आयु के 14वें वर्ष में ही वे कानूनभंग के आंदोलन में सहभागी हुए। उस समय वे इतने छोटे थे कि जब उन्हें पकडा गया, तब उनके हाथों में हथकड़ी ही नहीं आ रही थी । ब्रिटिश न्यायतंत्र ने इस छोटे बच्चे को 12 कोडे मारने का अमानवीय दंड दिया । इन कोडों से आजाद के मन में क्षोभ और बढा और अहिंसा से उनका विश्वास उठ गया । वे मन से क्रांतिकारी बन गए । काशी में श्री प्रणवेश मुखर्जी ने उन्हें क्रांति दीक्षा दी । वर्ष 1921 से 1932 तक क्रांतिकारी दल ने जो भी क्रांतिकारी आंदोलन, प्रयोग,योजनाएं बनाईं, उसमें चंद्रशेखर आजाद अग्रणी थे । सॉन्डर्स की बलि चढाने के पश्चात चंद्रशेखर आजाद वहां से जो निकले, तब से वे अलग-अलग वेश धारण कर उदासी महंत के शिष्य बन गए थे । इसका कारण यह था कि इन महंत जी के पास बहुत धन था । वह आजाद को ही मिलने वाला था; परंतु आजाद को उस मठ में चल रहा मनानुसार आचरण अच्छा नहीं लगा; इसलिए उन्होंने यह कार्य छोड दिया । आगे जाकर वे झांसी में रहने लगे । वहां मोटर चलाना, पिस्तौल से अचूक निशाना लगाना आदि शिक्षा उन्होंने ली ।




काकोरी योजना से ही उनके सिर पर फांसी की तलवार लटक रही थी, तब भी वे उस अभियोग में संलिप्त क्रांतिकारियों को छुडाने की योजना में व्यस्त थे; परंतु देखने वालों को ऐसा लगता था कि अब उन्होंने क्रांतिकार्य छोड दिया है ।

गांधी-इरविन अनुबंध होने के समय उन्होंने गांधी को यह संदेश भेजा कि आप अपने प्रभाव से भगत सिंह आदि क्रांतिकारियों को छुडाएं, ऐसा होने से हिंदुस्तान की राजनीति में नया मोड आएगा; परंतु गांधी ने इसे अस्वीकार किया । तब भी आजाद ने क्रांतिकारियों को छुडाने के अपने प्रयास जारी रखे । आजाद की यह प्रतिज्ञा थी कि मैं जीवित अवस्था में अंग्रेजों के हाथ नहीं लगूंगा । 27 फरवरी 1931 को अंततः वे इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में घुस गए। पुलिस अधीक्षक नॉट बावर ने उनके वहां आते ही आजाद पर गोली चलाई । वह उनकी जंघा में लगी; परंतु उसी समय आजाद ने नॉट बावर पर गोली चलाकर उनका हाथ ही नाकाम कर दिया । उसके उपरांत वे रेंगते हुए जामुन के एक पेड की आड में गए और वहां के हिन्दी सिपाहियों से चिल्लाते हुए बोले, हे सिपाही भाईयों, तुम लोग मेरे ऊपर गोलियाँ क्यों बरसा रहे हो ? मैं तो तुम्हारी स्वतंत्रता के लिए लड रहा हूं ! कुछ समझो तो सही ! वे अन्य लोगों से कहने लगे,इधर मत आओ ! गोलियां चल रही हैं ! मारे जाओगे ! वन्दे मातरम् ! वन्दे मातरम् !

जब उनकी पिस्तौल में अंतिम गोली शेष बची थी, तब उन्होंने पिस्तौल को अपने मस्तक पर टिकाकर उसका चाप दबाया ! उसी क्षण उनके प्राण उस नश्वर शरीर को त्याग कर पंचतत्त्व में विलीन हुए ।

नॉट बावर ने कहा, ऐसे अचूक निशानेबाज मैंने बहुत अल्प देखे हैं !

पुलिसकर्मियों ने उनकी निष्प्राण देह में तलवार घोंपकर उनकी मृत्यु की आश्वस्तता की । सरकार ने उनके शव को अल्फ्रेड पार्क में एक डाकू मारा गया, यह दुष्प्रचार करते हुए उसे जला देने का प्रयास किया;परंतु पंडित मालवीय और कमला नेहरू ने इस षड़यंत्र को ध्वस्त किया और उनके अधजले देह का पुनः एक बार हिन्दू परंपरा के अनुसार अंतिमसंस्कार किया। 28 फरवरी को बड़ी संख्या में उनकी अंतिमयात्रा निकालकर एक विराट सभा में सभी नेताओंने उन्हें श्रद्धांजली दी ।

## भगवान मुनिसुव्रतनाथ मोक्ष कल्याणक

इसी भरतक्षेत्र के अंग देश के चम्पापुर नगर में हरिवर्मा नाम के राजा थे। किसी एक दिन वहाँ के उद्यान में अनन्तवीर्य' नाम के निर्ग्रन्थ मुनिराज पधारे। उनकी वन्दना करके राजा ने धर्मोपदेश श्रवण किया और तत्क्षण विरक्त होकर अपने बड़े पुत्र को राज्य देकर अनेक राजाओं के साथ संयम धारण कर लिया। उन्होंने गुरू के समागम से ग्यारह अंगों का अध्ययन किया और दर्शनविशुद्धि आदि सोलहकारण भावनाओं का चिन्तवन कर तीर्थंकर गोत्र का बंध किया। चिरकाल तक तपश्चरण करते हुए अन्त में समाधिपूर्वक मरण करके प्राणत स्वर्ग में इन्द्र हो गये। वहाँ बीस सागर की आयु थी और उनका साढ़े तीन हाथ का ऊँचा शरीर था। इसी भरतक्षेत्र के मगध देश में राजगृह नाम का नगर है। उसमें हरिवंश- शिरोमणि, काश्यपगोत्रीय, सुमित्र महाराज राज्य करते थे। उनकी रानी का नाम सोमा था। श्रावण कृष्णा द्वितीया के दिन श्रवण नक्षत्र में रानी ने उन प्राणत इन्द्र को गर्भ में धारण किया, अनुक्रम से नव मास के बाद रानी ने पुत्ररत्न को जन्म दिया। देवों ने भगवान का जन्मोत्सव मनाकर मुनिसुव्रत' नाम प्रकट किया। मल्लिनाथ के बाद चौवन लाख वर्षों के बीत जाने पर इनका जन्म हुआ। इनकी आयु तीस हजार वर्ष एवं ऊँचाई बीस धनुष की थी। कुमार काल के सात हजार पाँच सौ वर्ष बीत जाने पर भगवान का राज्याभिषेक हुआ।

# वेब सीरीज में नजर आएंगी समीक्षा भटनागर



2017 की कॉमेडी धारावाहिक 'पोस्टर बॉयज' में नजर आने वाली अभिनेत्री समीक्षा भटनागर वेब सीरीज 'जो हुकुम मेरे आका' में वापसी करने के लिए तैयार हैं। इस शो में अभिनेता-हास्य कलाकार कृष्णा अभिषेक भी हैं। उन्होंने कहा, शूट शुरू हो चुका है।

यह बिल्कुल दिमाग उड़ाने वाला और प्रफुल्लित करने वाला है। हमें बोर्ड पर एक शानदार टीम मिल गई है और हम सभी इसे बेहतर बनाने के लिए तैयार हैं। इस सीरीज ने समीक्षा को अपने पोस्टर बॉयज के निर्देशक श्रेयस तलपड़े के साथ फिर से जोड़ा। जो 'जो हुकुम मेरे आका' में उनके सह-कलाकार भी हैं। सीरीज का निर्देशन राजीव रुहिया ने किया है।

# आखिर क्यों रो पड़ी काइली मिनोग




गायिका काइली मिनोग का कहना है कि जब उन्होंने पहली बार अपने नए गाने 'से समथिंग' को सुना तो वो रो पड़ी। गायिका (52) का कहना है कि इस गाने को सुनते ही उन्हें इससे एक तात्कालिक संबंध महसूस हुआ। यह गाना उनके नए एल्बम डिस्को का पहला सिंगल गाना है। कॉन्टैक्ट म्यूजिक डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, हीट मैगजीन को दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा, इस साल की शुरुआत में जब मैंने इसे सुना तो मैं रो पड़ी। मुझे याद है कि इसे सुनने के साथ मेरी आंखे भर आई थी और मेरे निर्माता को फोन करना और यह कहना कि 'यह गाना बस' हम जो कह रहे हैं, उससे यह अधिक कह रहा है। जैसे, इस गीत को लेकर व्याख्या करने के लिए बहुत सारी चीजें हैं। यह प्यार के बारे में है और हर कोई प्यार की क्षमता के बारे में जानता है। गायिका को लगता है कि लोग गीत के यूनिवर्सल थीम से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह प्रेम के लिए शाश्वत खोज के बारे में है और जरूरी नहीं कि एक प्रेम संबंध हो।

# राहुल रॉय को आया ब्रेन स्ट्रोक



बॉलीवुड अभिनेता राहुल रॉय को कारगिल में एक प्रोजेक्ट की शूटिंग के दौरान ब्रेन स्ट्रोक आ गया, जिसके बाद उन्हें मुंबई के नानावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। 1990 के दशक में लोकप्रियता हासिल करने वाले अभिनेता एक प्रोजेक्ट की शूटिंग कारगिल में कर रहे थे। शूटिंग के दौरान राहुल को अचानक ब्रेन स्ट्रोक आ गया, जिसके बाद उन्हें फौरन कारगिल से श्रीनगर और फिर उसके बाद मुंबई ले जाया गया, जहां उसका फिलहाल नानावती अस्पताल में इलाज चल रहा है। 52 वर्षीय अभिनेता आईसीयू में हैं और कथित तौर पर उन्हें आराम मिल रहा है।

# अर्शी खान ने नई वेब सीरीज को सराहा



अभिनेत्री अर्शी खान ओटीटी में अब कॉमेडी करने के अंदाज में नजर आ रही हैं और वह इस बात को बखूबी जानती हैं कि उनके इस नए शो में डबल-मीनिंग वाले संवाद भरपूर मात्रा में हैं। अर्शी इस वक्त कॉमेडी वेब सीरीज 'मैरी और मार्लो' में नजर आ रही हैं। सीरीज में उन्हें अक्षय मिश्रा के विपरीत कास्ट किया गया है। शो में मैरी के किरदार को अर्शी निभा रही हैं, जबकि अक्षय को मार्लो के किरदार में देखा जा सकता है। सीरीज के ट्रेलर से लेकर शीर्षक तक, हर कहीं डबल-मीनिंग की झलक देखने को मिल रही है, इस पर जब अर्शी से पूछा गया, तो उन्होंने बताया, यह एक डबल मीनिंग शो है और मेरा मानना है कि इसका शीर्षक भी काफी मजेदार है। शो के टाइटल के बारे में सुनने के बाद लोगों को लगेगा कि इसका कंटेंट काफी बोल्ड होगा, लेकिन जब वे इसे देखेंगे, तो पता चलेगा कि यह कितना मजेदार है, जिसमें कई सारे कॉमिक सीन हैं। शो को फिलहाल बिग मूवी जू ऐप पर स्ट्रीम किया जा रहा है।


# बाफ्टा ब्रेकथ्रू इंडिया के राजदूत बने रहमान

ऑस्कर और ग्रैमी विजेता भारतीय संगीतकार ए.आर. रहमान को भारत में बाफ्टा ब्रेकथ्रू पहल के राजदूत के रूप में चुना गया है। इस बारे में रहमान ने कहा, मुझे, बाफ्टा के साथ काम करने को लेकर खुशी हो रही है, ताकि भारत को फिल्म, गेम्स और टेलीविजन में कुछ अद्भुत प्रतिभाएं मिल सके। उन्होंने आगे कहा, यह होनहार कलाकारों के लिए विश्व-प्रसिद्ध संगठन द्वारा समर्थित एक अनूठा अवसर है, जो न सिर्फ दुनिया भर के अन्य प्रतिभाशाली क्रिएटिव्स के साथ जुड़ने के लिए मौका देगा, बल्कि बाफ्टा-विजेताओं और नामांकित व्यक्तियों द्वारा सलाह प्राप्त करने का भी मौका देगा।



मैं भारत से चुनी गई शानदार प्रतिभा को वैश्विक मंच पर दिखाने के लिए उत्सुक हूं। यह पहल भारत में बाफ्टा के शुरुआती कदमों को चिह्नित करती है। टैलेंट हंट पहल भारत में फिल्म, खेल या टेलीविजन में काम करने वाली पांच प्रतिभाओं को पहचानने और उनका पोषण करने में सक्षम होगी। बाफ्टा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमांडा बेरी ने कहा, मैं हमारे शानदार राजदूत एआर रहमान के अमूल्य समर्थन के लिए अविश्वसनीय रूप से आभारी हूं, जो अपने रचनात्मक कार्यों में उद्योग के लीडर हैं और नई प्रतिभा की पहचान और पोषण के लिए हमारे जुनून को साझा करते हैं।

ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (बाफ्टा) ने सोमवार को साझा किया कि नेटफ्लिक्स द्वारा समर्थित बाफ्टा ब्रेकथ्रू इंडिया के लिए अब आवेदन खुले हैं। भारत में पहल के हिस्से के रूप में ब्रिटिश और भारतीय उद्योग विशेषज्ञों की एक जूरी साल भर के मेंटॉरिंग और गाइडेंस प्रोग्राम में हिस्सा लेने के लिए पूरे भारत से पांच प्रतिभाओं का चयन करेगी। चुनी गई प्रतिभा ब्रिटिश और भारतीय क्रिएटिव उद्योगों से भी जुड़ेगी और सीखेगी, और विश्व स्तर पर बाफ्टा निर्णायक कलाकारों के रूप में पदोन्नत की जाएगी। बाफ्टा ब्रेकथ्रू ब्रिटेन में 2013 से और चीन में 2019 से चल रहा है, लेकिन इस साल पहली बार यह पहल भारत से प्रतिभा को पहचान रही है। ब्रेकथ्रू इंडिया के लिए जूरी की घोषणा की जानी बाकी है।



# ...जब अमिताभ ने जताया अफसोस

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने एक फिल्म के नहीं बन पाने पर अफसोस जताया है। अमिताभ बच्चन को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुये पांच दशक हो गये हैं और इस दौरान उन्होंने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। उन्होंने एक फिल्म में काम न कर पाने का अफसोस जताया है। अमिताभ ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक थ्रोबैक फोटो शेयर की है जिसमें फिल्म से उनका लुक नजर आ रहा है।

अमिताभ ने तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, वो फिल्म जो कभी नहीं बनी। फोटोशूट हो गया, टाइटल मिल गया और मुझे फिल्म के लिए लुक भी मिल गया लेकिन इसके बाद भी ये फिल्म नहीं बन सकी, दुखद। अमिताभ की आने वाली फिल्मों में अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र, इमरान हाशिमी के साथ फिल्म चेहरे और झुंड शामिल है। अमिताभ इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति का 12वां सीजन होस्ट कर रहे हैं।

# तलाक लेने वाले थे रुबीना और अभिनव शुक्ला



'बिग बॉस 14' की हाउसमेट रुबीना दिलाइक ने चल रहे शो में एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा कि वह रियलिटी शो में प्रवेश करने से पहले अपने पति और सह-प्रतियोगी अभिनव शुक्ला को तलाक देने के कगार पर थीं। नए प्रोमो में, प्रतियोगियों को टास्क जीतने के लिए अपने सबसे गहरे रहस्यों को स्वीकार करने का काम दिया जाता है। टास्क के हिस्से के रूप में, रुबीना अभिनव के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलासा करते हुए दिखाई देती है।

उन्होंने बताया कि वे तलाक लेने वाले थे और इस साल नवंबर तक एक-दूसरे को समय दिया था और यही कारण है कि उन्होंने बिग बॉस 14 में एक साथ प्रवेश करने का फैसला लिया था। रुबीना ने खुलासा करते हुए कहा, हमने एक-दूसरे को नवंबर तक का टाइम दिया था। हम तलाक लेने वाले थे। अगर यहां दोनों साथ न आते तो शायद साथ भी न रह पाते। रुबीना और अभिनव की शादी 2018 में हुई थी।



# अब टैलेंट मैनेजमेंट है: अमृता राव

अभिनेत्री अमृता राव का कहना है कि साल 2002 में उनके करियर की शुरुआत से लेकर अब तक तुलना करने पर कलाकारों के लिए विजिविलिटी की अवधारणा ने सोशल मीडिया और टैलेंट मैनेजमेंट फर्मों को बदल दिया है। अमृता ने कहा, हम इन दिनों जो सोशल मीडिया और पीआर मशीनरी देख रहे हैं, इस युग से पहले एक कलाकार की लोकप्रियता और सेलिब्रिटी की स्थिति अभिनेता या अभिनेत्री की प्रतिभा की बाइप्रोडक्ट थी।

जब मैंने एक किशोरी के रूप में उद्योग में प्रवेश किया और 'इश्क विश्क', 'मस्ती', और 'मैं हूं ना' जैसी फिल्मों में दिखाई दी तो लोगों ने मेरे प्रदर्शन के कारण मुझे देखा, हालांकि 'मैं हूं ना' जैसी फिल्मों में शाहरूख खान और सुष्मिता सेन जैसे सुपरस्टार हैं।

इन दिनों अभिनेता सोशल मीडिया पर अपनी उपस्थिति के कारण भी लोकप्रिय हो रहे हैं। मुझे लगता है कि एक अभिनेता के लिए, एक चरित्र और फिल्म के लिए याद किया जाना ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा, सोशल मीडिया पर लोकप्रिय हस्ती बनने में कोई बुराई नहीं है, बस एक बड़ा बदलाव हुआ है। मैंने ट्रांजिशन पीरियड के दौरान उद्योग में प्रवेश किया।

इससे पहले, प्रतिभा का होना महत्वपूर्ण था और एक कलाकार के रूप में, हम अपने कौशल को बेहतर करते थे। अब टैलेंट मैनेजमेंट जैसी चीजें भी हैं। एक तरह से यह एक अच्छा सांस्कृतिक परिवर्तन है जो कलाकारों को नौकरी के अवसर के साथ अधिक सुरक्षित महसूस कराता है। क्या अमृता उस पल को याद कर सकती हैं, जब उन्हें सोशल मीडिया युग से पहले पहचाना था? इस पर उन्होंने कहा, हां, मुझे स्पष्ट रूप से याद है कि क्योंकि मेरी भावनाएं मिली जुली थी। जब भी मैं इसे याद करती हूं, यह मेरे चेहरे पर एक मुस्कान लाता है। एक बार हम सभी कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश कर रहे थे और फोटोग्राफर वहां मौजूद थे, वह 'मैं हूं ना' की सफलता की पार्टी का अवसर था। वहां कॉलेज के छात्रों का एक समूह खड़ा था, जिन्होंने मुझे देखा और मुझे 'संजना' कहा।

मैं बहुत युवा थी, तब मुझे नहीं पता था कि मैं कैसे प्रतिक्रिया दूं, मैं मुस्कुराई, अपने चेहरे पर हथेली रख ली, क्योंकि मुझे शर्म आ रही थी। मेरे दिमाग में यह घूम रहा था कि 'क्या ऐसा होता है?' इसका मतलब है कि उन्होंने वास्तव में मेरी फिल्म देखी और मुझे पहचाना।

भारत में कोविड

# 19 लाख

## बच्चों ने माता-पिता या देखभाल करने वाले को खो दिया



कोविड महामारी से पहले, दुनिया भर में अनुमानित 14 करोड़ अनाथ बच्चे थे और जुलाई 2021 में ऐसे बच्चों के लिए पहला अनुमानित आंकड़ा 15 लाख दर्ज किया गया था जो मार्च 2020 और अप्रैल 2021 के बीच अनाथ हुए थे।

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** कोविड-19 महामारी की वजह से भारत में 19 लाख बच्चों ने अपने माता पिता अथवा देखभाल करने वाले किसी एक व्यक्ति को खो दिया है और इस तरह का यह आंकड़ा दक्षिणपूर्व एशिया क्षेत्र में सबसे अधिक है। द लैंसेट चाइल्ड एंड अडोलेसेंट हेल्थ जर्नल में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई है। लेकिन, मीडिया रिपोर्टों का दावा है कि भारत सरकार इन आंकड़ों का खंडन करती हैं और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के बाल स्वराजकोविड देखभाल पोर्टल के अनुसार, यह संख्या 1.5 लाख है।

अध्ययन से पता चला है कि वैश्विक स्तर पर यह संख्या बढ़कर 52 लाख से अधिक हो गई है। प्रति व्यक्ति अनुमानित अनाथ दर के मामले सबसे अधिक पेरू और दक्षिण अफ्रीका में हैं जहां यह दर 1,000 बच्चों में से आठ और सात दर्ज की गई है। यूएस सेंटर फार डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) में शोधकर्ता डा. सुसान हिलिस ने कहा हम अनुमान लगाते हैं कि कोविड -19 महामारी की वजह से जिस भी व्यक्ति की मौत हुई है, उनके पीछे कम से कम एक बच्चा बेसहारा हो गया है।

कोविड महामारी से पहले, दुनिया भर में अनुमानित 14 करोड़ अनाथ बच्चे थे और जुलाई 2021 में ऐसे बच्चों के लिए पहला अनुमानित आंकड़ा 15 लाख दर्ज किया गया था जो मार्च 2020 और अप्रैल 2021 के बीच अनाथ हुए थे। इंपीरियल कालेज लंदन (यूके) के प्रमुख लेखक डा जूलियट अनविन के अनुसार फिर भी ये वास्तविक संख्याएं नहीं हो सकती हैं। वास्तविक अनुमान वर्तमान में बताई जा रही संख्या की तुलना में 10 गुना अधिक होने की संभावना है। वैश्विक अध्ययन से पता चलता है कि कोविड से अनाथ हुए तीन में से दो बच्चे 10 से 17 वर्ष की आयु के किशोर हैं। इसके अलावा दुनिया भर में चार में से तीन बच्चों ने अपने पिता को खो दिया है।

कुल मिलाकर जिन बच्चों ने माता पिता या देखभाल करने वाले में से किसी एक को खोया है उन्हें गरीबी, शोषण और यौन हिंसा या दुर्व्यवहार, एचआईवी संक्रमण, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों और गंभीर संकट के खतरों का सामना करना पड़ता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि इस महामारी की चपेट में आकर जिन परिवारों के मुखिया की मौत हुई है उनके बच्चों की उचित देखभाल किए जाने के लिए अनेक प्रकार के कार्यक्रम चलाए जाने की जरूरत है।



मुंबई : एक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचीं अभिनेत्री पूजा बनर्जी।

## 'स्मार्ट जोड़ी' में धमाल मचाएगी मोनालिसा और विक्रांत की जोड़ी

**मुंबई (वार्ता)।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री मोनालिसा और अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत की जोड़ी रियलिटी शो 'स्मार्ट जोड़ी' में धमाल मचाती नजर आएगी। रियलिटी शो नच बलिये के जरिए अपनी छाप छोड़ने वाली जोड़ी विक्रांत सिंह राजपूत और मोनालिसा एक बार फिर से छोटे पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार हैं।



इस बार यह जोड़ी लोकप्रिय चैनल स्टार प्लस के नए रियलिटी शो 'स्मार्ट जोड़ी' में अपना जलवा बिखेरती नजर आएगी, जो 26 फरवरी से आन एयर हो रहा है यह रियलिटी शो एक अनोखे फार्मेट में है, जिसमें अभिनय, नृत्य, क्रिकेट, संगीत, कामेडी और कोरियोग्राफी जैसे विभिन्न क्षेत्रो की सेलिब्रिटी जोड़ियां एकसाथ नजर आ रही हैं, जिसमें विक्रांत और मोनालिसा को पार्टिसिपेट करने का मौका मिला है। विक्रांत सिंह राजपूत ने इस शो को लेकर कहा कि यह शो अपने आप में अलग है, इस शो में 10 कपल्स शामिल हो रहे हैं, जिनमें आपको दिखाना होता है कि आप कैसे दुसरे ले अलग हैं। इसमें 83 वर्ल्ड कप के क्रिकेटर श्रीकांत जैसे सेलिब्रिटी अपनी वाइफ के साथ शामिल हो रहे हैं।

गौरतलब है कि 'स्मार्ट जोड़ी' शो में विक्रांत-मोनालिसा के अलावा भाग्यश्री और उनके पति हिमालय दासानी, अंकिता लोखंडे जैन और विक्की जैन,नील भट्ट-ऐश्वर्या शर्मा भट्ट, क्रिकेटर कृष्णम्माचारी श्रीकांत और उनकी पत्नी विद्या श्रीकांत, अर्जुन बिजलानी और नेहा स्वामी बिजलानी, कामेडियन बलराज और उनकी पत्नी दीप्ति तुली, राहुल महाजन और उनकी पत्नी नताल्या महाजन, गायक अंकित तिवारी और उनकी पत्नी पल्लवी शुक्ला तिवारी, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर गौरव तनेजा और उनकी पत्नी ऋतु राठी तनेजा भी नजर आएंगी।

## गुरु रंधावा और बोहेमिया 'पंजाबियां दी धी' में मचाएंगे धूम

**मुंबई (वार्ता)।** पंजाबी पाप आइकान गुरु रंधावा और बोहेमिया 'पंजाबियां दी धी' गाना में साथ नजर आएंगे। गुरु रंधावा और बोहेमिया के चार्टबस्टर सान्ग पटोला ने लाखों दिलों को जीता था। अब एक बार फिर यह जोड़ी पंजाबियां दी धी इस गाने से वापसी कर रही है। इस गाने का म्यूकि वीडियो दुबई में शूट किया गया है।

रूपम बल द्वारा निर्देशित और गुरु रंधावा द्वारा कम्पोज और लिखे गए इस गाने को प्रीत हुंदल ने प्रोड्यूस किया है। बोहेमिया अभिनीत गुरु रंधावा की 'पंजाबियां दी धी' गाने को भूषण कुमार की टीसीरीज ने प्रोड्यूस किया है। यह गाना टी-सीरीज के यूट्यूब चैनल पर 03 मार्च, 2022 को रिलीज होगा।

## शिल्पा ने जैकलीन के साथ शेयर किया डांस वीडियो



**मुंबई (वार्ता)।** बालीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने जैकलीन फर्नांडीज के साथ सोशल मीडिया पर एक डांस वीडियो शेयर किया है। शिल्पा शेट्टी ने जैकलीन फर्नांडीज के साथ एक डांस वीडियो शेयर की है। इस वीडियो में शिल्पा और जैकलीन डांस करती नजर आ रही हैं। दोनों पूरी मस्ती के मूड में हैं।

शिल्पा शेट्टी ने इस वीडियो के साथ कैप्शन लिखा है, किडिंग अराउंड इस वीडियो में दोनों के डांस मूव्स को फैंस काफी इंज्वाय कर रहे हैं। जैकलीन जल्द ही अक्षय कुमार के साथ फिल्म बच्चन पांडे में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ कीर्ति सेनन भी हैं। वही शिल्पा हाल ही में हंगामा 2 में नजर आई थी।

## अनुभव सिन्हा, सुधीर मिश्रा के साथ काम करेंगी तापसी पन्नू

**मुंबई (आईएएनएस)।** अभिनेत्री तापसी पन्नू ने फिल्म निर्माता अनुभव सिन्हा के साथ एक लघु फिल्म के लिए फिर से जुड़ने की बात की, जो उनकी एंथोलाजी फिल्म का हिस्सा है। अनुभव सिन्हा फिल्म निर्माता सुधीर मिश्रा और हंसल मेहता के साथ एक एंथोलाजी फिल्म में काम करेंगे। फिल्म का निर्माण भूषण कुमार की टीसीरीज और सिन्हा के प्रोडक्शन हाउस बनारस मीडियावर्क्स द्वारा किया जाएगा।



तापसी ने 'थप्पड़' और 'मुल्क' के बाद फिर से अनुभव सिन्हा के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया और सुधीर मिश्रा द्वारा निर्देशित लघु फिल्म की अवधारणा का भी खुलासा किया। फिल्म की पृष्ठभूमि महामारी पर बेल्ड है। तापसी कहती हैं कि कहानी अनूठी है और पहले कभी नहीं की गई है, यह एक सामाजिक राजनीतिक नाटक है। मैं सुधीर सर जैसे शानदार फिल्म निर्माता के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

उन्होंने आगे कहा कि अनुभव सर और भूषण सर के साथ फिर से काम करना घर वापसी जैसा है। अनुभव सिन्हा ने फिल्म की कहानी के बारे में बताया जो स्तरित है और मानवीय रिश्तों पर केंद्रित है। निर्देशक सुधीर मिश्रा अपनी लघु फिल्म पर प्रकाश डालते हैं और खुलासा करते हैं कि यह युवा के विचार के बारे में एक फिल्म है। एक पीढ़ी अगली पीढ़ी को अपने विचार कैसे सौंपती है। व्यक्ति गत रूप से, यह मेरे लिए उन कहानियों में से एक है जो एक अमिट छाप छोड़ती है।



## अनुष्का शर्मा ने शुरू की 'चकदा एक्सप्रेस' की तैयारी

**मुंबई (आईएएनएस)।** बालीवुड अभिनेत्रीनिर्माता अनुष्का शर्मा ने शुक्रवार को अपनी आगामी फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' की तैयारी की एक झलक सोशल मीडिया पर साझा की। उन्होंने दो तस्वीरों का एक सेट साझा किया, एक उनके हाथ में बाल का एक क्लोज अप शाट और दूसरा में उसका बालिंग एक्शन। अनुष्का ने तस्वीरों को कैप्शन दिया, ग्रिप बाय ग्रिप प्रेप। अनुष्का अपनी गर्भावस्था के बाद झूलन गोस्वामी पर आधारित इस फिल्म के साथ फिल्मों में वापसी कर रही हैं।

झूलन के नाम अंतरराष्ट्रीय करियर में एक महिला द्वारा सबसे ज्यादा विकेट लेने का विश्व रिकार्ड है। भारत के लिए क्रिकेट खेलने के अपने सपने को पूरा करने के लिए स्त्री द्वेषपूर्ण राजनीति द्वारा उत्पन्न बाधाओं के बावजूद कैसे आगे बढ़ती है, 'चकदा एक्सप्रेस' झूलन की इसी प्रेरणादायक यात्रा को दर्शाती है। 2018 में, उनके सम्मान में एक भारतीय डाक टिकट जारी किया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनुष्का स्पोर्ट्स ड्रामा के 30 दिनों के शेड्यूल की शूटिंग के लिए यूके जाएंगी।

## कंगना रनौत की 'लाक अप' में शामिल होंगी पहलवान बबीता फोगट






**मुंबई (आईएएनएस)।** पहलवान बबीता फोगट कंगना रनौत की 'लाक अप' के अंदर बंद होने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। टीवी एक्ट्रेस निशा रावल, पूनम पांडे और स्टैंड-अप कामेडियन मुनव्वर फारुकी के बाद बबीता इस रियलिटी शो की चौथी कंटेस्टेंट हैं। बबीता कहती हैं कि मैं 'लाक अप' जैसे शो में आने के लिए बहुत उत्साहित हूं क्योंकि मैंने ऐसा शो कभी नहीं किया है जो 24 घंटे लाइव हो। इसलिए मैं इसका हिस्सा बनने के लिए एक ही समय में बहुत खुश और उत्साहित हूं।

इस शो के साथ, लोगों को पता चलेगा कि मैं क्या हूं। पहले दर्शक मुझे फिल्म 'दंगल' से जानते थे। इसलिए, अब लोगों को मेरे वास्तविक व्यक्ति त्व, मेरी पसंद और नापसंद और मैं कैसी हूं, यह पता चल जाएगा। एक व्यक्ति के रूप में मेरा वास्तविक जीवन कैसा है। बबीता फोगट ने 2014 राष्ट्रमंडल खेलों में महिला कुश्ती में पहला स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों, 2010 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक और 2012 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता और बाद में 2019 में राजनीति में कदम रखा था।

'लाक अप' को बालीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत होस्ट करेंगी। इस शो में 16 हस्तियां शामिल हैं जो बिना सुविधाओं के महीनों तक जेल में बंद रहने वाली हैं और वे बुनियादी सुविधाएं पाने के लिए एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। 'लाक अप' 27 फरवरी से आल्ट बालाजी और एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीमिंग होगी।

## 'गुड़ से मीठा इश्क' में नजर आएंगी आम्रपाली गुप्ता



**मुंबई (आईएएनएस)।** 'कुबूल है' की अभिनेत्री आम्रपाली गुप्ता अब आगामी शो 'गुड़ से मीठा इश्क' के कलाकारों में एक प्रतिपक्षी की भूमिका निभाने के लिए शामिल हो गई हैं। शो में ईशान धवन और पंखुड़ी अवस्थी रोडे मुख्य भूमिका में होंगे। आम्रपाली कहती हैं, मैं एक प्रतिपक्षी के रूप में टेलीविजन पर अपनी वापसी करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। लोग अब भी मुझे 'कुबूल है' में एक वैंप की भूमिका निभाने के लिए याद करते हैं। मैं इस शो से एक नई पहचान पाने की कोशिश करूंगी। आम्रपाली ने कहा कि मैं छवि का किरदार निभाते हुए दिखूंगी, जो एक शास्त्रीय नर्तक है। मैंने हमेशा नृत्य का आनंद लिया है और इसलिए यह भूमिका मुझे और अधिक उत्साहित करती है। यह पूरी तरह से नकारात्मक चरित्र है। मुझे लगता है कि एक अभिनेता के रूप में मैं हमेशा ऐसी भूमिकाएं निभाना चाहती हूं जो अधिक चुनौतीपूर्ण और आशाजनक होती है।

## परिणीति चोपड़ा ने साझा किए अनुभव



**मुंबई (आईएएनएस)।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने रिहर्सल के दौरान रियलिटी शो 'हुनरबाजदेश की शान' के प्रतिभागियों के साथ समय बिताने का अपना अनुभव साझा किया। वह मिथुन चक्रवर्ती और करण जौहर के साथ शो के जजों में से एक हैं। प्रतियोगियों के साथ समय बिताने के अपने अनुभव पर, उन्होंने कहा, यह मेरे दिमाग में पिछले कुछ दिनों से चल रहा है कि मैं पर्दे के पीछे जाकर देखूं कि मेरे प्रतियोगी क्या कर रहे हैं, तब मैंने देखा कि वे अभ्यास कर रहे हैं। मैं नहीं चाहती थी मैं सिर्फ एक जज के रूप में खुद को शामिल करूं। मुझे वास्तव में सभी प्रतियोगियों के साथसाथ उनके जीवन में क्या चल रहा है, इसकी भी परवाह है।

अभिनेत्री ने आगे साझा किया कि वह एक जज के रूप में अपनी जिम्मेदारी के बारे में सावधान हैं और चाहती हैं कि प्रत्येक प्रतियोगी अच्छा प्रदर्शन करें। सर्वश्रेष्ठ 14 के प्रदर्शन को देखने के बाद उनके उत्साह के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा, जब मैं उन प्रतियोगियों को देखती हूं जिन्हें हमने शीर्ष 14 के लिए चुना है, तो यह वास्तव में मुझे गर्व महसूस कराता है। एक रियलिटी शो में मुझे यह देखने को मिल रहा है कि उन्होंने जजों और दुनिया को अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने के लिए उन दो मिनटों में कितनी मेहनत की है और उन्हें कितनी मेहनत करनी पड़ी है।

# देश में 24 घंटों में सामने आए कोरोना के 11,499 नए मामले, 255 मरीजों की मौत

नई दिल्ली। भारत में 24 घंटों में कोरोना वायरस संक्रमण के 11 हजार 499 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 255 मरीजों की मौत हुई और 23 हजार 598 मरीज स्वस्थ हुए हैं। नए आंकड़ों को मिलाकर देश में कोविड-19 संक्रमित हुए लोगों की संख्या 4 करोड़ 29 लाख 5 हजार 844 पर पहुंच गई है। वहीं, अब तक 5 लाख 13 हजार 481 मरीज अपनी जान गंवा चुके हैं। फिलहाल, देश में 1 लाख 21 हजार 881 मरीजों का इलाज किया जा रहा है। महाराष्ट्र में कोविड-19 के 973 नए मामले सामने आए हैं और 12 मरीजों की मौत हुई है। संक्रमण के नए मामलों में ओमीक्रोन के 62 मामले भी हैं। स्वास्थ्य विभाग ने यह जानकारी दी। राज्य में संक्रमितों की कुल संख्या 78,63,623 और मृतक संख्या 1,43,687 हो गई है। राज्य में बृहस्पतिवार को 1182 मामले सामने आए थे और 19 लोगों की मौत हुई थी।

दिल्ली में शुक्रवार को कोविड-19 के 460 नए मामले सामने आए जबकि संक्रमण से दो और मरीजों की मौत हो गई है। यह जानकारी दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों से मिली है। विभाग के अनुसार दिल्ली में संक्रमण दर घटकर



0.81 प्रतिशत हो गई है। नवीनतम स्वास्थ्य बुलेटिन में कहा गया है, राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 18,58,614 हो गई है, जबकि मृतक संख्या बढ़कर 26,117 हो गई है। एक दिन पहले दिल्ली में 56,984 कोविड-19 जांच की गई थी ।

गुजरात में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 245 नए मामले सामने आए और महामारी से पांच मरीजों की मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी। इसके साथ ही संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 12,22,119 हो गए और मृतकों की संख्या 10,924 पर पहुंच गई। राज्य में कोविड-19 से पीड़ित होने के बाद अब तक 12,08,657 लोग ठीक हो चुके हैं। गुजरात में अभी कोविड के 2,538 मरीज उपचाराधीन हैं। मध्यप्रदेश में शुक्रवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 530 नए मामले सामने आने से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 10,37,696 हो गई। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पिछले 24 घंटों में प्रदेश में दो लोगों की मौत इस बीमारी से हुई है और इसे मिलाकर अब तक कुल 10,726 लोगों ने इस बीमारी से जान गंवाई है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को कोरोना वायरस संक्रमण के इंदौर में 36 और भोपाल में 104 नए मामले दर्ज किए गए हैं। दिल्ली में कोविड-19 से जान गंवाने वाले लोगों से इस साल 22 फरवरी तक लिए गए नमूनों में 80 प्रतिशत में ओमीक्रोन स्वरूप पाया गया है। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। मृतकों से एकत्र किए गए 239 नमूनों के जीनोम अनुक्रमण से पता चला है कि उनमें से 191 में कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप थे। शेष 48 (20 प्रतिशत) नमूनों में डेल्टा सहित कोरोना वायरस के अन्य स्वरूप पाए गए। डेल्टा स्वरूप पिछले साल अप्रैल और मई में महमारी की दूसरी लहर के लिए जिम्मेदार रहा था।

## नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष ने भाजपा सदर प्रत्याशी के साथ किया डोर-टू-डोर जनसंपर्क

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद अग्रवाल ने भाजपा की सदर प्रत्याशी डा. संगीता बलवंत के साथ नगर के रायगंज एवं विशेश्वरगंज में डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया किया। इस दौरान भाजपा के समर्थन की अपील करते हुए सरकार द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि दोहरे इंजन वाली सरकार ने दोहरे लाभ का एक अद्भुत उदाहरण दिया है। गरीबों के उत्थान के लिए तमाम योजनाएं संचालित किया, जिसका लाभ पात्रों को मिला। प्रत्याशी डा. संगीता बलवंत एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने भी सरकार की तमाम विकास कार्यों के बारे में बताते हुए कहा कि पुनः अपार जन समर्थन एवं आशीर्वाद से भाजपा की सरकार बनाए, जिससे प्रदेश में विकास को और गति प्रदान हो सके। जनसंपर्क के बाद सदर विधानसभा चुनाव कार्यालय (हरिहर पैलेस) में नगर मंडल की बैठक संपन्न हुई। इसमें नगर मंडल के पदाधिकारी, शक्ति केन्द्र संयोजक, सभासद आदि कार्यकताओं के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की।उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र के सभी 15 शक्ति केंद्रों पर पन्ना प्रमुख एवं बूथ समिति सदस्यों के होने वाले सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी लोग अपने-अपने शक्ति केंद्रों पर लग जाएं। अलीगढ़ कोल विधानसभा के विधायक अनिल पाराशर, विधानसभा प्रवासी अरूण कुमार पांडेय एवं निर्गुण दास केशरी ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर मनोनित सभासद अमरनाथ दुबे, अर्जुन सेठ, समरेन्द्र सिंह, विनोद कुशवाहा, नगर महामंत्री अजय कुशवाहा, हेमंत त्रिपाठी, नगर उपाध्यक्ष नीरज कुमार मानू एवं सभासदगण/प्रतिनिधि अनिल वर्मा, कमलेश बिंद, अशोक मौर्या, विनोद गुप्ता, रूपेश सिंह, बंगाली वर्मा, सुधीर मिश्रा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता एवं संचालन रासबिहारी राय ने किया।

## जनसभा को संबोधित करने जिले में आ रहे है एमपी के सीएम



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 28 फरवरी को जखनियां विधानसभा के सुभाष इण्टर कालेज बद्री बाग में आ रहे हैं। जहाँ वह जनसभा को 12 बजे दिन में सुभाष इण्टर कालेज बद्री बाग में सम्बोधित करेंगे। तत्पश्चात 1.30 बजे सुभाष इण्टर कालेज बद्री बाग, विधान सभा जखनियॉ से जौनपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## केराकत में प्री प्राइमरी के बच्चो को पढ़ाने की दी गई ट्रेनिंग

प्रखर केराकत जौनपुर । बांसबारी स्थित बीआरसी पर शनिवार को ईसीसीई कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें नई शिक्षा नीति के अनुसार 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा देने के विषय पर जानकारी दी गई। कार्यशाला में ब्लाक के सभी बेसिक स्कूलों के एक-एक शिक्षक तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ती मौजूद रही। अध्यक्षता केराकत के बीईओ राजेश यादव तथा संचालन सीडीपीओ श्रीमती रीता सिंह ने किया। इस मौके पर एआरपी शांत सिंह, मिथिलेश सिंह, प्रदीप सिंह, संतोष सिंह, सुधांशु दूबे समेत नोडल शिक्षक संकुल विनय कुमार, सुनील कुमार, अलोक सिंह, नीतीश कुमार पाण्डेय, विनीत सिंह, लालचंद्र यादव आदि रहे।

## मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त किया गिरफ्तार

प्रखर चंदवक जौनपुर। पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व वारंटी/ वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी शुभम तोदी के पर्यवेक्षण में शनिवार की दोपहर चंदवक थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त आशीष शर्मा पुत्र स्वर्गीय नंदलाल शर्मा को अहिरोली से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में न्यायालय भेजा है।

# पांचवें चरण के लिए यूपी विस चुनाव की 61 सीटों पर रविवार को होगा मतदान

लखनऊ। देश में विधानसभा चुनाव के पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश की 12 जिलों की 61 सीटों पर रविवार 27 फरवरी 2022 को मतदान होगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि पांचवें चरण के मतदान की तैयारी पूरी कर ली गई है और मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी तरीके से मतदान सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार पांचवें चरण में 692 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं जिनकी राजनीतिक तकदीर का फैसला करीब 2.24 करोड़ मतदाता करेंगे।

चौथे चरण का मतदान पूरा होने के बाद राज्य की 403 विधानसभा सीटों में से अब तक 231 सीटों पर मतदान हो चुका है और रविवार को 61 सीटों पर मतदान होने के बाद 292 सीटों का मतदान पूरा हो जाएगा। इसके बाद अंतिम दो चरणों में तीन मार्च और सात मार्च को 111 सीटों पर मतदान होगा। राज्य में 10 फरवरी से सात मार्च के बीच सात चरणों में चुनाव कार्यक्रम प्रस्तावित है। पांचवें चरण में सुलतानपुर, चित्रकूट, प्रतापगढ़, कौशांबी, प्रयागराज, बाराबंकी, अयोध्या, बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, अमेठी और रायबरेली जिले में मतदान होना है। शुक्रवार की शाम छह बजे इन 12 जिलों की 61 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव प्रचार थम गया। उल्लेखनीय है कि पांचवें चरण में उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य अपने गृह जिले कौशांबी के सिराथू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार हैं जिनके मुकाबले समाजवादी पार्टी ने अपना दल (कमेरावादी) की नेता पल्लवी पटेल को मैदान में उतारा है। पल्लवी पटेल की बहन और केंद्र सरकार में मंत्री अनुप्रिया पटेल मौर्य के पक्ष में चुनाव प्रचार कर चुकी हैं, वहीं शुक्रवार को समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव और सपा सांसद व मशहूर अभिनेत्री जया बच्चन भी पल्लवी पटेल का प्रचार करने सिराथू पहुंची थीं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी शुक्रवार को मौर्य समेत कई भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया था। पांचवें चरण में अयोध्या से लेकर प्रयागराज और चित्रकूट जैसे धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में मतदान होना है। अमेठी की पूर्व रियासत के मुखिया संजय सिंह अमेठी में इस बार भाजपा से उम्मीदवार हैं जबकि राज्य के मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह प्रतापगढ़ जिले की पट्टी, खादी ग्रामोद्योग मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह प्रयागराज जिले की पश्चिम विधानसभा सीट, नागरिक उड्डयन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी इसी जिले की दक्षिण सीट, समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री गोंडा जिले की मनकापुर सुरक्षित और राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय चित्रकूट विधानसभा सीट से किस्मत आजमा रहे हैं।

## वोटर्स को बूथ पर बंद मोबाइल ले जाने की अनुमति दे चुनाव आयोग

लखनऊ। यूपी विधानसभा चुनाव के बीच भाजपा ने चुनाव आयोग से अनुरोध किया है कि वह मतदान स्थल पर मतदाताओं को स्विच ऑफ करके मोबाइल रखने की अनुमति प्रदान करें। ऐसा न होने पर प्रत्येक बूथ के बाहर हेल्प डेस्क या बीएलओ के पास फोन जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इस संबंध में बीजेपी के प्रदेश महामंत्री एवं चुनाव प्रबंधन प्रभारी जेपीएस राठौर, चुनाव आयोग संपर्क विभाग के प्रदेश संयोजक अखिलेश अवस्थी और सह-संयोजक नितिन माथुर व प्रखर मिश्र के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग से मिले प्रतिनिधिमंडल ने आयोग से अलग से निर्देश जारी किए जाने की मांग उठाई।

प्रदेश महामंत्री राठौर ने बताया कि बूथ पर तैनात सुरक्षाकर्मी मोबाइल के साथ मतदाता को मत डालने की अनुमति नहीं देते हैं। मतदाता से फोन वापस रखकर आने को कहा जाता है। परिणामस्वरूप मतदाता वोट डालने दोबारा मतदानस्थल पर नहीं आता है। ऐसी शिकायतें बहुतायत में मिली हैं। पत्र में यह भी कहा गया है कि मतदान स्थल पर मोबाइल फोन जमा करने की कोई सुविधा ना होने की वजह से मतदान में काफी बाधा आ रही है क्योंकि मतदाता अनजाने में मोबाइल फोन अपने साथ रखता है। वैसे भी बिना मोबाइल के रहना आजकल व्यवहारिक नहीं है। आयोग द्वारा पोलिंग को बढ़ावा देने के लिए बूथों के बाहर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं। ऐसे में यदि मोबाइल लेकर आने की अनुमति ही नहीं रहेगी तो आयोग का सेल्फी प्वाइंट बनाना व्यर्थ या अव्यवहारिक रहेगा।

## रेल लाइन किनारे पेड़ पर लटके मिले युवक और युवती के शव

नोएडा। ग्रेटर नोएडा के दादरी में आमका गांव के पास शुक्रवार शाम रेल लाइन के किनारे पेड़ पर एक युवक और एक युवती के शव लटके मिले। लोगों ने सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंची। युवक की जेब से गोरखपुर की ट्रेन के दो टिकट और आधार कार्ड मिला। उसकी पहचान गोरखपुर के रवि चंद के रूप में हुई हालांकि युवती की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या की आशंका जताई है। दादरी कोतवाली पुलिस के मुताबिक शुक्रवार की शाम दादरी एनटीपीसी की तरफ जाने वाली रेलवे लाइन के किनारे आमका गांव के समीप एक पेड़ पर युवक और युवती के शव लटके मिले हैं। शव दुपट्टे से लटके हुए हैं। युवती की उम्र 24 वर्ष और युवक की उम्र 22 वर्ष के करीब है। पुलिस को युवक की जेब से ट्रेन के दो टिकट मिले हैं। टिकट दिल्ली से गोरखपुर के लिए गए हैं। युवक की जेब से एक आधार कार्ड मिला है जिस पर रवि चंद पुत्र राम सहाय ग्राम बढैया पार गोरखपुर लिखा है।

# पोती यूक्रेन में फंसी, युद्ध की खबर देख रहे चिंतित दादा की हर्ट अटैक से मौत

हमीरपुर। रूस और यूक्रेन युद्ध के बाद अब यूक्रेन में फंसे भारतीयों को भारत लाने की मांग जोर पकड़ रही है। यूक्रेन में पढ़ रहे भारतीयों के परिजनों में दहशत का माहौल बना हुआ है। परिजन दिन-रात टीवी की ओर नजरें गड़ाए हुए हैं। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिला के नादौन उपमंडल की गौना पंचायत की एक छात्रा यूक्रेन में फंसी हुई है। छात्रा के दादा टीवी पर यूक्रेन-रूस युद्ध का समाचार देखकर दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। नकारी के अनुसार, गौना की पायल यूक्रेन में एमबीबीएस कर रही है। उसके दादा रत्न चंद टीवी पर यूक्रेन में युद्ध के हालात के बारे में समाचार देख रहे थे कि तभी उन्हें दिल का दौरा पड़ा और निधन हो गया। इसी इलाके से यूक्रेन में पढ़ रहे आर्यन रत्न के परिजन भी परेशान हैं।

भदरोल पंचायत के शुभम जंगा भी यूक्रेन से पढ़ाई कर रहे हैं। शुभम जंगा के पिता मिलाप जंगा ने बताया कि जब उन्हें युद्ध का पता चला उसके बाद परेशानी और भी बढ़ गई।

शुभम के ताया कैलाश जंगा ने बताया कि शुभम का फोन आया था कि उनके होस्टल के पास ही बम ब्लास्ट हो रहे हैं, जिससे सारे सहमे हुए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों शुभम की वापसी के लिए 3 गुना पैसे देकर एयरलाइंस की टिकट ली थी किन्तु फ्लाइटें बंद होने के कारण वो वहां से नहीं आ सका, जिससे परिजन और भी परेशान हो गए हैं। इन बच्चों के अभिभावकों सरकार से मांग की है कि बच्चों को जल्द से जल्द सुरक्षित भारत लाया जाए। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार से मांग की है कि इन परिस्थितियों में वहां फंसे छात्रों को वापस लाने के लिए शीघ्र प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने केन्द्रीय विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से रूस और यूक्रेन के मध्य संघर्ष के कारण यूक्रेन में फंसे प्रदेश के लोगों को सुरक्षित वापिस लाने के लिए आवश्यक उपाय करने का आग्रह किया। इस सम्बन्ध में केन्द्रीय विदेश मंत्री को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री ने विदेश मंत्रालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रारम्भिक सूचना के अनुसार यूक्रेन में हिमाचल प्रदेश के 130 से ज्यादा लोग फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार यूक्रेन में फंसे राज्य के लोगों की सुरक्षा के लिए चिन्तित है। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में प्रदेश के मुख्य सचिव पहले से ही विदेश सचिव के सम्पर्क में हैं। जय राम ठाकुर ने मंत्रालय द्वारा यूक्रेन में फंसे भारतीयों की सहायता के लिए यूक्रेन के साथ-साथ नई दिल्ली में हेल्पलाइन स्थापित करने के लिए किए गए प्रयासों की भी सराहना की।

## हनुमान पूजा से कटजाती हैं तमाम व्याधायें : रमेशचन्द्र

हाथरस। सर्व मंगल पूजा कलिकाल में बहुत सी सांसारिक व्यधाओं से बचाती है। यह तो सर्व विदित है कि 'कलियुग केवल नाम अधारा। सुमिर-सुमिर नर उतरहिं पारा।।' जब नाम उद्धारक है तो पूजा तो सर्व सुखकारी होती है। यह उद्गार पूजाचार्य रमेशचन्द्र जी दीक्षित ने यहां पराग डेयरी के सामने हरिअनंता रेजीडेंशी में आयोजित भूमि पूजन सर्व कल्याण पूजा अनुष्ठान के मौके पर व्यक्त किए। इस मौके पर विघ्नविनाशक श्री गणेश, नवग्रह, वास्तु देवी, विश्वकर्मा व इंद्रदिक देवताओं का आह्वान कर आमंत्रित किया गया। साथ ही विधि-विधान के साथ सभी देवी-देवताओं का पूजन किया। पूजन के बाद मंगलकारी सर्व विघ्नहर्ता महावली हनुमान जी से हरिअनंता रेजीडेंशी में सदैव कृपा बनाये रखने की कामना की गई। पूजन में मुख्य यजमान हेमंत सेंगर, द्वितीय यजमान विजय चौधरी तृतीय यजमान देवेंद्र सिंह के अलाव अन्य यजमानों ने पूजन कर यथायोग्य दक्षिणा चढ़ाई।

## जनता का आशीर्वाद मिला तो खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र में बहेगी विकास की गंगा- सुबोध चन्द्र यादव

प्रखर संतकबीरनगर। विधानसभा चुनाव को लेकर संत कबीर नगर जिले में छठे चरण के लिए 3 मार्च को मतदान होना है। आम आदमी पार्टी ने जिले की सबसे चर्चित सीट 313 विधानसभा खलीलाबाद से पूर्व सांसद स्वर्गीय भाल चंद्र यादव के पुत्र सुबोध यादव को अपना उम्मीदवार बनाया है।शनिवार को आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सुबोध यादव के पक्ष में दिल्ली के आप विधायक अमानतुल्लाह खान ने वोट करने कि अपील की। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा दिल्ली की तरह संतकबीरनगर को भी हम बनाएंगे। उन्होंने कहा इस तरह से स्वर्गीय भालचंद यादव को दो बार सांसद बनाएं एक बार उनके पुत्र सुबोध चंद्र यादव को विधायक बनाएं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री



जयप्रकाश यादव, वरिष्ठ नेता मुनीर हसन चौधरी, राजू रंजन यादव, सुनील यादव, जियाउद्दीन, एजाज, मुनीर, अबूजर चौधरी, केपी यादव, मोहम्मद अली, शमशाद अहमद, अबूजर चौधरी तमाम लोग मौजूद रहे।

## दलाल लोहिया से निजी अस्पताल ले गए मरीज थमाया साढ़े तीन लाख का बिल

लखनऊ। लखनऊ के लोहिया संस्थान की इमरजेंसी से मरीजों की दलाली थम नहीं रही है। तीन रोज पहले इमरजेंसी में आई महिला को दलाल प्राइवेट अस्पताल लेकर चले गए। तीन दिन इलाज किया। मरीज को साढ़े तीन लाख का बिल थमा दिया। आरोप हैं कि अस्पताल के कर्मचारियों ने बिल न चुकाने पर परिवारीजनों को कमरे में बंद कर पिटाई की। अभद्रता की। दुखी परिवारीजनों ने पुलिस में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। सुलतानपुर निवासी आरती मिश्रा (26) को तीन दिन पहले पेट में दर्द हुआ। परिवारीजन मरीज को लेकर स्थानीय निजी अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने मरीज को लोहिया संस्थान रेफर कर दिया। परिवारीजन मरीज को लेकर लोहिया संस्थान की इमरजेंसी में पहुंचे। इमरजेंसी में डॉक्टरों ने बेड खाली न होने की बात कही। मरीज को दूसरे सरकारी अस्पताल में ले जाने की सलाह दी।

# एसपी के साथ डीएम ने मुहम्मदाबाद गोहना विधानसभा के दर्जनों बूथो का लिया जायजा

मुहम्मदाबाद, मऊ। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा चुनाव को लेकर अब तक हुई अतिसंवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया। मोहम्मदाबाद गोहना स्थित कम्पोजिट विद्यालय मोहम्मदाबाद गोहना के बूथो के



तैयारियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसीक्रम में शुक्रवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार ने पुलिस अधीक्षक सुशील घुले के साथ विधानसभा क्षेत्र मोहम्मदाबाद गोहना स्थित वनरेबुल क्षेत्रों एवं कई निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां पर सारी व्यवस्थाएं तत्काल सही कराने के निर्देश दिए। खैराबाद स्थित मदरसा बंबा उलूम एवं मदरसा सरफिया जिया उल उलूम स्थित बूथो का भी निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने वहां पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान ब्रह्मर्षि रामकृष्ण इंटर कॉलेज वलीदपुर एवं राष्ट्रीय इंटर कॉलेज भदीड़ स्थित बूथो का भी जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत ग्राम असलपुर स्थित उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक विद्यालय असलपुर में भी बूथों का निरीक्षण किया गया। इन मतदान केंद्रों पर मात्र एक-एक बूथ स्थित है। इन बूथों पर उपस्थित बीएलओ से निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जिलाधिकारी ने जानकारी ली। सभी बूथो के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित लोगों को बूथों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद गोहना एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनपद में बनाये गये दो सहायक मतदेय स्थल

मऊ। विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 के अन्तर्गत 07 मार्च 2022 को जनपद मऊ में मतदान होना है। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश के क्रम में ऐसे बूथ, जहां पर 1250 से अधिक मतदाता हों, वहां पर अन्य बूथ की स्थापना की जाय। इसके क्रम में जनपद मऊ में विधान सभा क्षेत्र 354-घोसी एवं विधान सभा क्षेत्र 355 मुहम्मदाबाद गोहना (अनु0जा0) में एक-एक सहायक बूथों की स्थापना की गयी है। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि घोसी विधान सभा क्षेत्र मे स्थित मतदान केन्द्र बालबाड़ी केन्द्र हिकमा पू0 भाग स्थित बूथ संख्या 378 के सहायक बूथ के रूप में बूथ संख्या 378 अ पास स्थित पंचायत भवन हिकमा गाड़ा कक्ष सं0-3, एवं विधान सभा 355-मुहम्मदाबाद गोहना में स्थित मतदान केन्द्र बीआरके इण्टर कालेज वलीदपुर स्थित बूथ संख्या 63 के सहायक बूथ के रूप में बूथ संख्या 63 अ बीआरके इण्टर कालेज वलीदपुर में ही स्थापित किया गया है।

# जिलाध्यक्ष सर्वेश त्रिपाठी ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मांगा समर्थन

प्रखर सन्तकबीरनगर। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सर्वेश त्रिपाठी के नेतृत्व में शनिवार को खलीलाबाद विधानसभा के देहात मंडल की दर्जनों गांवों में जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी अंकुर राज त्रिपाठी के पक्ष में वोट करने की अपील किया।जनसंपर्क कर लोगों से आवाहन किया कि आगामी 3 मार्च को कमल के फूल पर बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी अंकुर राज तिवारी को भारी बहुमत से जिताए। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकताओं के बदौलत एक बार फिर भाजपा की सरकार प्रदेश में बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पक्ष में समाज का हर वर्ग अपना मतदान करने के लिए तैयार है। आगामी 10 मार्च को पूर्ण बहुमत के साथ प्रदेश में भाजपा सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकास का जो ग्राफ बढ़ा है। उसी का परिणाम है कि समाज का हर वर्ग भाजपा के पक्ष में मतदान करने का पूरी तरह से मन बना लिया है। आम जन का भाजपा पर विश्वास बढ़ा है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास का जो ग्राफ बढ़ा है उसी का परिणाम है किस समाज का हर वर्ग भाजपा के पक्ष में मतदान करने का पूरी तरह से मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रवाद विकास व सुशासन के मुद्दे पर जो कार्य किया है वह सबके सामने है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सौरभ पान्डेय, मंडल अध्यक्ष अजीत निषाद, अभिषेक गौड़, आकाश पान्डेय, विकास मौर्य, निष्कर्ष मिश्रा, आशुतोष जायसवाल, समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# आईपीएल प्रारूप में बदलाव : दो ग्रुप में बांटी गई 10 टीम, प्रत्येक टीम खेलेगी 14 मैच

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 बदले प्रारूप में खेला जाएगा जिसमें 10 टीम को पांच-पांच टीम के दो ग्रुप में बांटा गया है। इसके बावजूद प्रत्येक टीम पहले की तरह 14 मैच खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को टीम के ग्रुप का खुलासा किया। मुंबई इंडियन्स, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजायंट्स को ग्रुप ए में जबकि चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर, पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटन्स को ग्रुप बी में रखा गया है।

पिछले वर्षों तक आईपीएल में आठ टीम भाग लेती थी जिसमें से प्रत्येक टीम एक दूसरे से राउंड रोबिन आधार पर दो-दो मैच खेलती थी। आईपीएल के लिए हालांकि ग्रुप वाला प्रारूप नया नहीं है तथा एक दशक पहले जब पुणे वारियर्स और कोच्चि टस्कर्स केरल लीग का हिस्सा बने थे तब भी इसे अपनाया गया था।



### खास बातें

- 2021 तक प्रत्येक टीम राउंड रोबिन आधार पर एक दूसरे से खेलती थीं दो-दो मैच
- लीग के सभी 70 मुकाबले महाराष्ट्र में खेले जाएंगे, 55 मैच मुंबई और 15 पुणे में होंगे

### खिताब और प्रदर्शन के आधार पर बंटा ग्रुप

*टीम को आईपीएल में उनके प्रदर्शन के आधार पर ग्रुप में बांटा गया है, जिसमें उनके कुल खिताब और फाइनल्स में प्रवेश को आधार बनाया गया है। मुंबई ने पांच खिताब जीते हैं तो उसे ग्रुप ए में रखा गया है जबकि ग्रुप बी की पहली टीम चेन्नई होगी जिसने चार खिताब जीते हैं। केकेआर तीसरे नंबर की टीम होगी जिसने दो खिताब हासिल किए हैं। उसे ग्रुप ए में रखा गया है जबकि सनराइजर्स ने एक खिताब जीता है और उसे टीम नंबर चार के रूप में ग्रुप बी में शामिल किया गया है। टीम पांच को फिर से ग्रुप ए में रखा गया है और यह टीम एक खिताब जीतने वाली राजस्थान रॉयल्स है। ग्रुप बी में उसके विपरीत टीम आरसीबी है जो तीन बार फाइनल में पहुंची है।दिल्ली कैपिटल्स एक बार फाइनल में पहुंचने के कारण सातवें नंबर की टीम होगी और उसे ग्रुप ए में रखा गया है जबकि टीम आठ पंजाब किंग्स है जो एक बार फाइनल में पहुंची है। उसे ग्रुप बी में रखा गया है। नई टीमों में लखनऊ को नौवीं टीम के रूप में ग्रुप ए में जबकि उसके साथ वाली टीम गुजरात 10वीं टीम के रूप में ग्रुप बी का हिस्सा है।*




### 14 मैचों का गणित

मैचों के प्रारूप इस तरह से हैं कि प्रत्येक टीम अपने ग्रुप में प्रत्येक टीम से दो-दो मैच खेलेगी जो कुल मिलाकर आठ मैच होंगे। बाकी बचे छह मैच वह दूसरे ग्रुप की टीम से खेलेगी। इनमें से वह अपने सामने वाली टीम से दो मैच खेलेगी। जैसे मुंबई ग्रुप ए में शीर्ष टीम है तो वह ग्रुप बी की अपनी बराबरी की टीम चेन्नई से दो मैच खेलेगी जबकि बाकी टीम से उसका एक एक मैच होगा। इसी तरह से ग्रुप ए की दूसरे नंबर की टीम केकेआर ग्रुप बी की दूसरे नंबर की टीम सनराइजर्स से दो और बाकी टीम से एक-एक मैच खेलेगी। इस तरह से प्रत्येक चरण में एक टीम 14 मैच खेलेगी।

---

भारोत्तोलन : पहली बार 55 किग्रा भार वर्ग में कुल 191 किग्रा भार उठाया

# चानू ने जीता स्वर्ण, 55 किग्रा में राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई, दो अन्य ने भी जीता सोना

एजेंसी ⏭ सिंगापुर



भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने शुक्रवार को यहां सिंगापुर भारोत्तोलन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 55 किग्रा भार वर्ग में क्वालीफाई किया। पहली बार 55 किग्रा भार वर्ग में भाग ले रही चानू ने कुल 191 किग्रा (86 किग्रा और 105 किग्रा) भार उठाया। उन्हें किसी तरह की चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा और वह आसानी से पहले स्थान पर रही।

इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि आस्ट्रेलिया की जेसिका सेवास्टेंको दूसरे स्थान पर रही जबकि उन्होंने कुल 167 किग्रा (77 किग्रा + 90 किग्रा) वजन उठाया, जो चानू से 24 किग्रा कम था। मलेशिया की एली कैसेंड्रा एंगलबर्ट 165 किग्रा (75 किग्रा + 90 किग्रा) के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रही। टूर्नामेंट के पहले दिन भाग ले रहे अन्य तीन भारतीयों संकेत सागर (55 किग्रा), ऋषिकांता सिंह (55 किग्रा) और बिंदयारानी देवी (59 किग्रा) ने भी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है। सिंगापुर भारोत्तोलन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता बर्मिंघम में होने वाले 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है।

## संकेत, ऋषिकांता और बिंदयारानी भी राष्ट्रमंडल खेलों में देंगे चुनौती

### सात महीने की कड़ी ट्रेनिंग का फल

*दिसंबर में विश्व चैंपियनशिप से हटने वाली चानू की पिछले साल टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने के ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद यह पहली प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता थी। चानू ने जीत के बाद कहा, 'सात महीने की कड़ी ट्रेनिंग और इस खेल के प्रति मेरे लगाव की बदौलत मैं 55 किग्रा और 49 किग्रा में राष्ट्रमंडल खेल 2022 के लिए क्वालीफाई करने में सफल रही।'*

### नई स्नैच तकनीक पर किया काम

*चानू ने नई स्नैच तकनीक पर काम करने के लिए विश्व चैम्पियनशिप से हटने का फैसला किया था और मुख्य कोच विजय शर्मा मणिपुरी भारोत्तोलक की स्नैच में प्रगति देखकर काफी खुश थे जिसे कभी उनकी कमजोरी माना जाता था। उन्होंने आसानी से स्नैच में 81 किग्रा, 84 किग्रा और 86 किग्रा के वजन उठाए। विजय शर्मा ने सिंगापुर से फोन पर कहा, 'हम उसकी स्नैच तकनीक पर काम रहे थे। और मैं नतीजों से खुश हूं, उसने इन पिछले सात महीनों में स्नैच में काफी अच्छी प्रगति की है।'*

### दो कैटेगरी में क्वालीफाई

*इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने राष्ट्रमंडल रैंकिंग के आधार पर 49 किग्रा में राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन भारत की अधिक स्वर्ण पदक जीतने की संभावनाएं बढ़ाने के लिए चानू ने 55 किग्रा में भाग लेने का फैसला किया।*




### सागर, ऋषिकांता ने जीते स्वर्ण और रजत

*वहीं अन्य भारोत्तोलकों में सागर ने पुरुषों की 55 किग्रा वजन वर्ग में स्वर्ण जीतने के साथ क्लीन एवं जर्क में और कुल वजन उठाकर नया राष्ट्रमंडल और राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए। उन्होंने 256 किग्रा (113 किग्रा +143 किग्रा) का वजन उठाकर हमवतन ऋषिकांता को पीछे छोड़ा जिन्होंने 246 किग्रा (110 किग्रा +136 किग्रा) के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास से रजत पदक जीता। श्रीलंका के दिलांका इसुरू कुमारा ने 238 किग्रा वजन वर्ग से कांस्य पदक अपने नाम किया।*

### बिंदयारानी 59 किग्रा स्पर्धा में रहीं शीर्ष पर

*राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता बिंदयारानी ने भारत को दिन का तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने महिलाओं की 59 किग्रा स्पर्धा में 196 किग्रा (85 किग्रा +111 किग्रा) का वजन उठाकर पीला तमगा जीता। इस स्पर्धा में केवल पांच भारोत्तोलक हिस्सा ले रही थीं। आस्ट्रेलिया के ब्रेन्ना कीन ने रजत और टोरी गालेगोस ने कांस्य पदक जीते। बिंदयारानी ने दिसंबर में राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप में 55 किग्रा वजन वर्ग में हिस्सा लिया था।*



---

# फीफा ने रूस से छीनी चैंपियंस लीग फाइनल 2022 की मेजबानी



एजेंसी ⏭ लंदन

यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद यूईएफए (यूरोपीय फुटबॉल संघों के संघ) ने चैंपियंस लीग के फाइनल की मेजबानी से सेंट पीटर्सबर्ग को हटा कर शुक्रवार को पेरिस को इसकी जिम्मेदारी सौंप दी। पुरुष वर्ग का फाइनल पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक 28 मई को होगा लेकिन अब इसे नए स्थल पर खेला जाएगा। यूईएफए की कार्यकारी समिति के निर्णय के बाद 80,000 दर्शकों की क्षमता वाला स्टेड डी फ्रांस इसकी मेजबानी करेगा।

यूरोपीय फुटबॉल की शासी निकाय ने एक बयान में कहा, 'यूईएफए फ्रांस के राष्ट्रपति एमेनुअल मैक्रों का उनके व्यक्तिगत समर्थन और अद्वितीय संकट के समय में यूरोपीय क्लब फुटबॉल के सबसे प्रतिष्ठित आयोजन को फ्रांस में स्थानांतरित करने की प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद और प्रशंसा व्यक्त करना चाहता है।' बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यूईएफए प्रतियोगिताओं में रूस और यूक्रेन के क्लबों और राष्ट्रीय टीम को अगली सूचना तक तटस्थ स्थानों पर खेलना होगा। स्टेड डी फ्रांस ने आखिरी बार 16 साल पहले चैंपियंस लीग फाइनल की मेजबानी की थी। तब बार्सीलोना ने 2006 के फाइनल में आर्सेनल को हराया था।

---

## खबर संक्षेप

### अंबर स्पेशल ओलंपिक क्रिकेट टीम में रहे शीर्ष पर

**रायपुर।** स्पेशल ओलंपिक भारत एशिया पेसेफिक के अंतरराष्ट्रीय वर्चुअल क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधत्व करते हुए छत्तीसगढ़ के प्रतिभागी अंबर बागे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह आयोजन कोरोना महामारी के कारण वर्चुअली आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में पांच देशों के खिलाड़ियों को जीत हासिल हुई। भारतीय टीम से स्पेशल ओलंपिक भारत का प्रतिनिधित्व पियाली फाउण्डेशन रायपुर के छात्र बागे ने किया। यह छात्र ऑटिज्म से ग्रसित है। राष्ट्रीय टीम के अंबर बागे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। एरिया डायरेक्टर डॉ. प्रमोद तिवारी और पियाली फाझडेशन की डायरेक्टर डॉ. मीता मुखर्जी ने उनके कोच युपेन्द्र कस्तुरे, लेखराम, रवि जैन और उनकी माता को बधाई दिए।



### गोंडवाना कप टेनिस टूर्नामेंट 28 से

**रायपुर।** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में छग प्रदेश टेनिस संघ द्वारा गोंडवाना कप टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन 28 फरवरी से 4 मार्च तक यूनियन क्लब एवं छग क्लब में किया जा रहा है। संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा ने बताया कि सेंट्रल इंडिया के इस सबसे प्राचीन एवं प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट को मेंस एवं वुमेंस केटेगरी में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक केटेगरी में प्राइस मनी 1-1 लाख रुपए होगी। क्वालीफाइंग राउंड के साइन शुक्रवार को 12 से 2 बजे तक मेंस वर्ग में 59 खिलाड़ी एवं वुमेंस वर्ग में 20 खिलाड़ियों ने साइन किया।

---

# जोकोविच की बादशाहत खत्म मेदवेदेव बनेंगे नंबर-1 खिलाड़ी


एजेंसी ⏭ दुबई

नोवाक जोकोविच ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल का मैच गंवाने के साथ ही नंबर एक रैंकिंग भी गंवा दी और अब उनकी जगह रूस के दानिल मेदवेदेव शीर्ष पर काबिज हो जाएंगे। जोकोविच को दुबई टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में चेक गणराज्य के क्वालीफायर जिरी वेस्ली ने 6-4, 7-6 (4) से हराया।

- दुबई ओपन में 6-4, 7-6 (4) से मिली हार

जोकोविच तीन फरवरी 2020 से नंबर एक रैंकिंग पर काबिज थे। वह कुल 361 सप्ताह शीर्ष पर रह चुके हैं जो 1973 में कंप्यूटरकृत रैंकिंग शुरू होने के बाद पुरुष वर्ग में रिकार्ड है। सोमवार को जब एटीपी रैंकिंग जारी होगी तो मेदवेदेव दूसरे नंबर से पहले नंबर पर पहुंच जाएंगे।

वह शीर्ष पर पहुंचने वाले कुल 27वें पुरुष खिलाड़ी बनेंगे। जोकोविच ने मेदवेदेव को ट्विटर पर बधाई दी और उन्हें दुनिया में नंबर एक खिलाड़ी बनने का हकदार बताया। एक फरवरी 2004 के बाद मेदवेदेव पांचवें खिलाड़ी होंगे जो नंबर एक रैंकिंग हासिल करेंगे। इस बीच जोकोविच, रोजर फेडरर, राफेल नडाल और एंडी मर्रे ही शीर्ष पर पहुंच पाए थे।



### गांगुली पर टिप्पणी के लिए साहा पर कार्रवाई करेगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा से राष्ट्रीय टीम से बाहर किए जाने के बाद बोर्ड अध्यक्ष सौरव गांगुली और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ पर की गई टिप्पणी के लिए स्पष्टीकरण मांग सकता है। उसे लगता है कि केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी होने के कारण उन्होंने नियमों का उल्लंघन किया है। केंद्रीय अनुबंध में ग्रुप बी में शामिल साहा के बारे में पता चला है कि उन्होंने नियम 6.3 का उल्लंघन किया है। इस नियम के अनुसार, 'कोई भी खिलाड़ी खेल, अधिकारियों, खेल में हुई घटनाओं, प्रौद्योगिकी के उपयोग, चयन मामलों या खेल से संबंधित किसी भी अन्य मामले के बारे में किसी तरह के मीडिया में ऐसी टिप्पणी नहीं करेगा जो बीसीसीआई की राय में प्रतिकूल है या खेल, टीम या बीसीसीआई के हित में नहीं है।' साहा ने अपने चयन को लेकर द्रविड़, चयन समिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा और गांगुली के साथ हुई निजी बातचीत का खुलासा किया था।

## दबंग दिल्ली पहली बार बना प्रो कबड्डी लीग चैंपियन



**बेंगलुरु।** हरफनमौला विजय (14 अंक) और रेडर नवीन कुमार (13 अंक) के शानदार खेल के दम पर दबंग दिल्ली ने प्रो कबड्डी लीग के बेहद रोमांचक फाइनल में शुक्रवार को यहां तीन बार की चैंपियन पटना पाइरेट्स को 37-36 से हराकर पहली बार खिताब अपने नाम किया। पटना के लिए सचिन ने 10 और गुमान सिंह ने नौ अंक जुटाए लेकिन टीम को आखिरी मिनटों में रणनीतिक चूक का खामियाजा भुगतना पड़ा। पटना की टीम ने मैच के 34वें मिनट तब अपने सभी सब्सीट्यूशन खत्म कर दिए जिससे उसके तीनों शीर्ष रेडर सचिन, गुमान और प्रशांत कुमार को आखिरी के छह मिनट में बेंच पर बैठना पड़ा।

---

टी20: तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है टीम इंडिया

# श्रृंखला जीतने के लिए श्रीलंका को चुनौती देगा भारत

एजेंसी ⏭ धर्मशाला

भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच को जीतकर लगातार दूसरी श्रृंखला अपने नाम करने की कोशिश करेगी। पिछले साल टी20 विश्व कप के शुरू में बाहर हो जाने के बाद भारत को अपने दृष्टिकोण में बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

- अब युवा खिलाड़ियों को मिल रहा मौका, टीम में दिख रहा बदलाव

उसने युवा खिलाड़ियों को मौका दिया और अब वह एक बदली हुई टीम नजर आ रही है। आस्ट्रेलिया में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले टी20 विश्व कप में अभी समय है लेकिन रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम में खिलाड़ियों का एक समूह तैयार है जिसका इस टूर्नामेंट में खेलना तय माना जा रहा है। वेस्टइंडीज के खिलाफ रन बनाने के लिए जूझने वाले युवा सलामी बल्लेबाज ने इशान किशन ने श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच में बड़ी पारी खेलकर आत्मविश्वास हासिल किया।यदि रुतुराज गायकवाड़ की कलाई में चोट नहीं लगती तो वह किशन के साथ पारी का आगाज कर सकते थे और ऐसे में रोहित मध्यक्रम में उतरते जैसा कि उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ किया था। यदि गायकवाड़ फिट होकर वापसी करते हैं तो रोहित शनिवार को फिर से ऐसा कर सकते हैं। रोहित अच्छी लय में दिख रहे हैं और उन्होंने 44 रन की प्रवाहमय पारी खेली।



### गेंदबाज कर रहे शानदार प्रदर्शन

*भारत गेंदबाजी विभाग में भी अच्छा कर रहा है और उसने गुरुवार को दीपक हुड्डा सहित सात विकल्प आजमाए। वेंकटेश अय्यर खर्चीले साबित हुए लेकिन उन्होंने दो विकेट निकाले। दूसरी तरफ श्रीलंका को अगर भारत का 10 मैचों से चला आ रहा विजय अभियान रोकना है तो उसे इसके लिये विशेष प्रयास करने होंगे। शीर्ष क्रम के नहीं चल पाने तथा मुख्य स्पिनरों महीश तीक्षणा और वानिंदु हसरंगा की अनुपस्थिति में उसकी टीम पहले मैच में जूझती नजर आयी। लखनऊ की तुलना में यहां रात को अधिक ठंड रहने की संभावना है। खिलाड़ियों को ऐसे में परिस्थितियों से जल्द से जल्द सामंजस्य बिठाना होगा।*

# जेवरेव पर 40 हजार डालर का जुर्माना, गंवाए सभी रैंकिंग अंक

एजेंसी ⏭ अकापुल्को

टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता अलेक्सांद्र जेवरेव पर मैक्सिको ओपन में युगल मैच गंवाने के बाद अंपायर की कुर्सी पर रैकेट मारने के कारण पुरुषों के पेशेवर टेनिस टूर (एटीपी) ने 40 हजार डॉलर का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा उनकी 30 हजार डॉलर से अधिक की पुरस्कार राशि और सभी रैंकिंग अंक भी काट दिए गए हैं।

एटीपी ने इसके साथ ही घोषणा की कि वह इस घटना की आगे समीक्षा करेगा। जेवरेव अभी विश्व रैंकिंग के तीसरे नंबर के खिलाड़ी हैं और मैक्सिको ओपन के एकल में मौजूदा चैंपियन हैं। जर्मनी के इस 24 वर्षीय खिलाड़ी को अंपायर अलेसांद्रो जरमानी पर चिल्लाने और उनकी कुर्सी पर गुस्से में रैकेट मारने के कारण पहले ही टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था। एटीपी ने कहा कि जेवरेव पर अपशब्दों का उपयोग करने और खेल भावना के विपरीत व्यवहार करने के लिए 20-20 हजार डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा उन्हें एकल और युगल की अपनी संपूर्ण पुरस्कार राशि (31,570 डॉलर) और रैंकिंग अंक भी गंवाने पड़े।



# भाजपा को कोल्ड स्टोरेज में डालकर ठंडा कर देगी यूपी की जनता : डिम्पल यादव

## जौनपुर की सभा में भाजपा सरकार पर डिम्पल ने किए राजनीतिक हमले



प्रखर जौनपुर (संवाददाता : मोहम्मद अरशद)। समाजवादी पार्टी की स्टार प्रचारक पूर्व सांसद डिम्पल यादव ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधा, कहा कि इन लोगों ने हवाई चप्पल वालों को हवाई जहाज में चलने का सपना दिखाया था लेकिन बीजेपी ने हमारे भाई बहनों को मोटर साईकिल से भी उतार दिया। पेट्रोल डीजल मंहगा हो गया। सरसों का तेल आसमान पर है। ये लोग क्या दे रहे है केवल पांच किलों चावल, पांच किलों गेहूं दे रहे है। यदि मेरी सरकार बनी तो पूरे पांच वर्ष तक चावल,गेहूं के साथ सरसों का तेल मुफ्त में दिया जायेगा।

मड़ियाहूं विधानसभा में समाजवादी पार्टी के पक्ष में प्रचार करने विवेकानंद इंटर कॉलेज के रामलीला मैदान में पहुंची पूर्व कन्नौज की सांसद डिंपल यादव ने कहा कि गर्मी निकालने वालों को पता ही नहीं चला कि मौसम बदल चुका है आप लोगों का उत्साह देखकर ऐसा लगता है कि भाजपा को कोल्ड स्टोरेज में डालना होगा। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि जौनपुर में क्रिकेट खेला जाता है। आप लोग पूरी टीम को क्लीन बोल्ड कर देना। कहा कि सरकार से जनता पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है महंगाई चरम पर है, किसान परेशान हैं, युवा बेरोजगार है। भाजपा ने तेल का दाम बढ़ाकर युवाओं को मोटरसाइकिल से उतार दिया है। सपा सरकार आई तो पूरे पांच वर्ष मुफ्त राशन देने का काम करने के साथ ही उसमें तेल घी भी दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश को खुशहाली की तरफ ले जाया जाएगा। सपा सरकार बनने के बाद नया सूरज उगने वाला है। 300 यूनिट बिजली सपा की सरकार देगी।भाजपा वाले कहते हैं कहां से देंगे उन्हें कैसे ट्रांसमिशन चलाना तो आता ही नहीं तो कैसे पता होगा। कहा कि योगी के अत्याचारी से साड़ से जिसकी जान जाएगी उसे पांच लाख दिया जाएगा। सरकारी नौकरियों में 33% महिलाओं को आरक्षण 22 लाख युवकों को नौकरियां दिया जाएगा। 12 वीं पास छात्राओं को 36 हजार एक मुश्त सरकार देगी। महिला सुरक्षा के लिए पुलिस बल में महिलाओं की भर्ती, महिला पुलिस इकाई का गठन, चुनाव परिणाम आने के बाद डीजल, पेट्रोल एवं गैस के दाम बढ़ जाते है लेकिन सपा सरकार आने के बाद कम हो जाएगी। उत्तर प्रदेश में महिला क्राइम रेट को घटाकर समाप्त किया जाएगा।

## मीडिया एकादस ने प्रशासन एकादस को 35 रनों से हराया



**खेल में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मीडिया एकादस के खिलाड़ी विजय राव को मैन ऑफ द मैच चुना गया**

प्रखर फाजिलनगर कुशीनगर। फाजिलनगर कस्बे में चल रहे स्व. बीके सिंह स्मारक दुक्की नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन खेले गये मैत्री मैच में मीडिया एकादश की टीम ने प्रशाशन एकादश को 35 रनों से हराकर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। बेहतर गेदवाजी करने वाले मीडिया एकादश के खिलाड़ी विजय राव को मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। शुक्रवार के रात्रि खेले गये इस मैच में मीडिया एकादश के कप्तान दिनेश सिंह ने पहले बल्लेवाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेवाजी करते हुए उनकी टीम ने निर्धारित 14 ओवरों के मैच में चार विकेट के नुकसान पर कुल 104 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें पवन सिंह ने 36 रन, असफाक 24 तथा राजकुमार गिरी ने 12 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रशासन एकादश की टीम सभी विकेट गवांकर 69 रन ही बना पायी। जिसमे आलोक यादव 16 रन, दीपक 12 व सर्वेश ने 12 रनों के योगदान दिया जबकि पांच बल्लेवाज बिना खाता खोले ही आउट हो गये।। मीडिया प्रसाशन के गेदवाजी करते हुए विजय राव ने पांच विकेटव दिनेश सिंह ने तीन विकेट लिए। मैच का अम्पायरिंग अरबिन्द मद्धेशिया व व्यास निगम ने तथा कमेंट्री मुहमद आलम व मनीष गौतम ने किया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक देवकुमार ने विजेता टीम को ट्राफी प्रदान किया। इस दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष धीरज वर्मा, सतेन्द्र सिंह, संदीप सिंह, विजय सिंह, गुड्डू चौहान, कबिन्द्र सिंह, हिमांशु अग्रवाल, कमलेश वर्मा, धर्मेंद्र मद्धेशिया, दीनबन्धु रौनियार, अशोक गुप्ता ,सौरभ राय , जसवंत यादव,भोला खरवार, रंजीत , विकास गौतम अनुराग,आजाद आदि उपस्थित रहे।

## रिंग रोड फेज -2 बरियासनपुर में अंडरपास बनाने की मांग को लेकर धरना दे रहे किसानों से मिलने पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश पांडेय

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। रिंग रोड फेज -2 बरियासनपुर में अंडरपास बनाने की मांग को लेकर धरना दे रहे किसानों से मिलने गिरीश पांडेय (शिवपुर विधान प्रत्याशी कांग्रेस) धरना स्थल पर पहुंचे ` किसान नेता अशोक प्रजापति प्रजापति ने कहा कि जो हमारे साथ खड़ा होगा हम उसके साथ हैं मौके पर पहुंचे गिरीश पांडेय शिवपुर विधानसभा के कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी ने मौके पर किसानों से मिले और एन एच ए आई के पीडी से फोन पर वार्ता किए और उन्होंने कहा कि यहां पर जल्द से जल्द अंडरपास बनवा दोअन्यथा तुम्हारा काम रुका रहेगा ज्यादा कुछ करोगे तो तुम्हारे कार्यालय को 500 आदमियों से लेकर खेलने का काम भी कांग्रेस पार्टी करेगी किसी भी सूरत में यहां पर अंडरपास बनना चाहिए



क्योंकि यह किसानों की मांग बिल्कुल जायज है क्योंकि यहां पर अंडर पास नहीं बनने पर आए दिन किसानों को फसल ले जाने में सिंचाई करने में बहुत सारी परेशानियां हो रही है दुर्घटनाएं रोज हो रही है छात्रों को विद्यालय जाने में परेशानी हो रही है और पुराना व्यायामशाला है और यहां पर स्वास्थ्य केंद्र हैं जहां पर जाने में ग्राम वासियों को बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ा है अंडर पास जब तक नहीं बन जाएगा तब तक किसानों का धरना जारी रहेगा ` उक्त धरना स्थल पर बृजेश कुमार पटेल ,लक्ष्मी नारायण ,रामजी लाल पटेल ,रामकिशन श्याम ,अजय मौर्या, राकेश पटेल, प्रेमलता, अहिल्याबाई, सरिता देवी ,उर्मिला पटेल ,निर्मला पटेल , जड़ावती देवी, पूजा पटेल, गीता पटेल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## जैपुरिया स्कूल्स बनारस के बाबतपुर कैम्पस में सत्र 20-21 के शैक्षणिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम उत्कर्ष का आयोजन सम्पन्न

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सेठ एम. आर. जैपुरिया स्कूल्स बनारस के बाबतपुर कैम्पस में शैक्षणिक सत्र- 2020-21 के वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम उत्कर्ष सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस



आयोजन में कक्षावार सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। अभिभावक व बच्चों को सम्बोधित करते हुए स्कूल के चेयरमैन दीपक कुमार बजाज ने कहा कि ज्ञान,कौशल व आत्मविश्वास व्यक्ति की सफलता में बड़ा योगदान देते है। नये भारत के निर्माण में व परिवार समाज की उन्नति के लिए बच्चों को इन तीनो गुणों के साथ तैयार करना चाहिए। स्कूल की प्रधानाचार्या सुधा सिंह ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए सभी बच्चों को बधाई दी और उनसे मेहनत करने व अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की अपील की। इस पुरस्कार वितरण समारोह में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वालों में छात्र झछात्राओं में पर्व पटेल, मधुरेन्द्र मंगलम, श्रुति सिंह, श्रुहित सिंह, आयुष,रेयांश यादव, हीमांगिनी अग्रवाल,आदित्य सिंह राठौर,हार्दिक पाण्डेय, परनवी कुमारी,अव्या पाण्डेय, वानिया,आर्ना,अंकित कुमार,विराट सिंह आदि प्रमुख रहे।

शत प्रतिशत उपस्थिती के लिए समृध, आरव गौर, आराध्य, आर्यन, सान्वी सिंह, भव्या राय, सुधी त्रिपाठी, वेदांश केशरी, रीशु यादव आदि प्रमुख थे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रशांत सिंह, पल्लवी पाण्डेय, बबलू कुमार, ताहिर अली ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर सेठ एम. आर. जैपुरिया स्कूल्स बनारस के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार बजाज, अधिशासी निदेशक श्याम सुंदर बजाज, अनिल के. जाजोदिया, आयुष्मान बजाज, शैक्षणिक प्रबंधक नरेन्द्र पाण्डेय इत्यादि उपस्थित थे।

## 3 दिन बन्द रहेगी जिले की सभी आबकारी की दुकान

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विधान सभा चुनाव को देखते हुए जिले में 7 मार्च को सातवें चरण का मतदान होना है, जिसको लेकर 7 मार्च को होने वाले मतदान व 10 मार्च को होने वाले मतगणना में शान्ति बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष मतदान कार्य को सुचारूपूर्ण व शान्तिपूर्वक सम्पादित कराये जाने के उद्देश्य से मद्यनिषेध लागू कराये जाने की अपेक्षा की गयी है। जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट एम.पी. सिंह ने संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम- 1910 (यथासंशोधित) की धारा-59 मे निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुये एतद्द्वारा आदेशित किया है कि जनपद गाजीपुर स्थित समस्त रेस्टोरेन्ट बार व फुटकर तथा थोक आबकारी दुकानें मतदान दिवस के दृष्टिगत 5 मार्च को शाम 6 बजे से 7 मार्च को मतदान समाप्ति तक बन्द रहेगी। इसी प्रकार मतगणना के दिन भी 10 मार्च को पूर्ण दिवस के लिये जनपद- गाजीपुर स्थित समस्त रेस्टोरेन्ट बार व फुटकर तथा थोक आबकारी दुकाने बन्द रखी जायेगी। उक्त बन्दी हेतु सम्बन्धित अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नही होगा।

## जय चौबे के पक्ष में पूर्व कैबिनेट मंत्री राम प्रसाद चौधरी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

### राम प्रसाद चौधरी ने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार जय चौबे के पक्ष में सभी से वोट करने की अपील

प्रखर संतकबीरनगर। विधानसभा चुनाव को लेकर संत कबीर नगर जिले में छठे चरण के लिए 3 मार्च को मतदान होना है। समाजवादी पार्टी ने जिले की सबसे चर्चित सीट 313 विधानसभा खलीलाबाद से दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे को अपना उम्मीदवार बनाया है। शनिवार को समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जय चौबे के पक्ष में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री राम प्रसाद चौधरी ने जनसंपर्क अभियान चलाते हुए लोगों से जय चौबे के पक्ष में वोट करने की अपील की। पत्रकारो से बातचीत के दौरान कहा कि राम प्रसाद चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की लहर चल रही है। पूरे प्रदेश में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने जनसंपर्क अभियान के दौरान सभी से



जय चौबे के पक्ष में लोगों से वोट करने की अपील की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, अखिलेश चौधरी, कौशल चौधरी, प्रबुद्ध सभा के जिलाध्यक्ष चंद्र भूषण पांडेय, अवधेश सिंह, समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## ओमप्रकाश राजभर समाज को बेचकर धन उगाही करते हैं- रवींद्र राजभर

**सैकड़ों राजभरों ने ली भाजपा की सदस्यता, छड़ी के प्रति दिखी नफरत**

प्रखर जखनियां (गाजीपुर)। ओमप्रकाश राजभर का राजभर समाज के हितों से कोई संबंध नहीं है। वह महज समाज की संख्या को सत्ता के दलालों को बेचकर धन उगाही करने का काम करते हैं। जबकि राजभर समाज का हित भारतीय जनता पार्टी में ही सुरक्षित है। ऐसे में आगामी विधानसभा चुनाव में राजभर समाज भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करते हुए एक बार पुनः योगी जी को मुख्यमंत्री बनाने का काम करेगा। उपरोक्त बातें भारतीय समाज पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्र राजभर ने सैकड़ों साथियों सहित भाजपा में शामिल होते हुए कहा। उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण परिषद के नामित सदस्य भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ मुराहू राजभर के नेतृत्व में राजभर समाज के लोग शुक्रवार को अचानक भारतीय जनता पार्टी जखनिया विधानसभा चुनाव कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने



भाजपा में अपनी आस्था बताते हुए पार्टी की सदस्यता ली इस दौरान सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पूर्व कार्यकताओं ने कहा कि ओमप्रकाश राजभर निजी स्वार्थ के लिए समाज को बेचने का काम कर रहे हैं जबकि राजभर समाज का हित सदैव से भाजपा में सुरक्षित रहा है ऐसे में हम सभी लोग भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में कार्य करेंगे वक्ताओं ने ओमप्रकाश राजभर के प्रति काफी आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि अपने परिवार के साथ ही रिश्तेदारों तक के हित की बात करने वाला ओमप्रकाश राजभर का राजभर समाज कोई संबंध नहीं रहा है वह समाज विरोधी व राष्ट्र विरोधी तत्वों के इशारे पर काम करने वाले महज एक मोहरा बनकर रह गए हैं इस अवसर पर डॉ मुराव राजभर व भाजपा एटा जनपद से विधायक विपिन वर्मा ने कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रामप्रसाद राजभर, पुनवासी राजभर, संजय राजभर, छोटू राजभर, लालजी राजभर, भोला राजभर, रामअवध राजभर, पूर्व प्रधान सुभाष राजभर, शिवबदन राजभर, रामशरन राजभर, प्रभुनाथ राजभर, बब्बन राजभर, अरविंद राजभर, रमेश राम, रघुनाथ राम, दिनेश राम, जवाहिर राजभर, संजय राजभर, हरिश्चंद्र राजभर सहित सैकड़ों की संख्या में राजभर समाज के लोग उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने फोन कर गरिमा पांडेय के परिवार को दिलाया भरोसा

### यूक्रेन में हमलों के बीच फंसी है शाहापुर की बेटी

प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। इलाके के शाहापुर निवासी गजेंद्र पांडेय के 25 वर्षीय पुत्री गरिमा पांडेय रूस की बमबारी के बीच यूक्रेन में फंसी है।तीसरे दिन जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने परिजनों से फोन कर हाल जाना है।आश्वस्त किया है बेटी की वतन वापसी के लिए भारत सरकार कटिबद्ध है। एंबेसी से संपर्क में रहने को कहा। जिले के दस छात्र यूक्रेन के विभिन्न जगहों पर फंसे हुए है।कैपिटल कीव में फंसे छात्रों को एम्बेसी की एडवाइजरी पर कुछ छात्रों के समूहों को पोलैंड और हंगरी के सीमा से एयरलिफ़्ट कराया जा रहा है, खबर मिलते ही छात्रों के परिवारों को राहत मिली है लेकिन वे अभी भी पूरी



तरह सन्तुष्ट नही है। गरिमा ने परिजनों को बताया कि अभी भी हम हम सब हॉस्टल में है,एंबेसी के सम्पर्क में है। बाहर न निकलने की हिदायत के साथ साइरन बजने पर बनकर में जाने की हिदायत है। डेनिप्रो में स्तिथि सामान्य है, लेकिन रूस के लगातार हमले से दहशत के साये में जी रहे है। शनिवार को जिलाधिकारी ने गरिमा पांडेय के पिता गजेंद्र पाण्डेय से तीसरे दिन फोन बेटी की सुरक्षित वतन वापसी का भरोसा दिलाया है।भारत सरकार द्वारा यूक्रेन में फंसे छात्रों को वापस लाये जाने की कवायद के बाद परिवार में हालात सामान्य हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### चतुर्थ मंडल सब जूनियर बालक बालिका मुक्केबाजी प्रतियोगिता आरंभ



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मुक्केबाजी संघ व ए.पी.एस मुक्केबाजी क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित चतुर्थ सब जूनियर मंडल बालक बालिका मुक्केबाजी प्रतियोगिता, रुस्तमपुर चिरईगांव, वाराणसी, में आज प्रारंभ हुई ।इस प्रतियोगिता का उद्घ।टन उत्तर प्रदेश मुक्केबाजी संघ के उपाध्यक्ष व वाराणसी मुक्केबाजी संघ के संरक्षक वह समाजसेवी पर्यावरणविद सचिन मिश्रा जी के कर कमलों द्वारा विशिष्ट अतिथि के रूप में किया गया इस प्रतियोगिता में वाराणसी मंडल जिसमें गाजीपुर चंदौली जौनपुर के 200 बालक बालिका भाग ले रहे इसके पदक विजेता प्रदेशीय मुक्केबाजी में प्रतिभाग करेंगे आयोजन सचिव अभिषेक मौर्य ने बताया कि यहां पर नया रिंग भी बनाया गया है जिसका उद्घाटन वह प्रतियोगिता आरंभ करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में अरविंद राजभर शिव पूर्व विधानसभा भी मौजूद थे । सचिन मिश्रा जी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी पवन कुमार ,नीलेश मिश्रा , भोपाल शाही व कोच पूजा यादव- साई बीएचयू, मनोज प्रजापति ,सिगरा स्टेडियम नंद जी चंदौली ,नित्यानंद ,सेंट मैरी स्कूल प्रीति कश्यप, शिवम शाही, रामबाबू आदि उपस्थित थे। आज के खेल में जस बर्मा ,आशा बॉक्सिंग में शुभम , मैरिज सिटी,स्कूल को हराया व आदित्य गुप्ता ने निवेश राय को हराया। रोहित कुमार ने एम डी अली को हराया मंच का संचालन संघ के अध्यक्ष वह अंतरराष्ट्रीय निर्णायक शशि प्रकाश सिंह ने किया यह जानकारी संघ के अध्यक्ष शशि प्रकाश सिंह के द्वारा दी गई है। खेल परिणाम संलग्न है। कल समापन समारोह 12 बजे दिन में होगा। मुख्य अतिथि के रूप में पूनम मौर्य जी होंगीं।

### पत्रकारों के मान सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं - संयुक्त प्रभारी अजय कुमार मिश्रा

**राहुल पाण्डेय निजामाबाद तहसील अध्यक्ष तथा जय प्रकाश श्रीवास्तव मेहनगर तहसील अध्यक्ष होंगे**



प्रखर गंभीरपुर/ आजमगढ़। आइडियल जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन तहसील इकाई निजामाबाद व तहसील इकाई मेहनगर की संयुक्त बैठक गंभीरपुर बाजार में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विवेकानंद पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय संयुक्त प्रभारी अजय मिश्रा रहे व कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार एवं मंडल अध्यक्ष श्याम जी उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय संयुक्त प्रभारी अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि पत्रकारों की मान सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा पत्रकारों की समस्याओं का निराकरण उच्च स्तर पर कराने का प्रयास करेंगे साथ ही ग्रामीण अंचल क्षेत्र के पत्रकारों के लिए 10000 प्रति माह मानदेय सरकार से मांग करने की बात कही साथ ही गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए 1000000 रुपए बीमा दिलवाने की केंद्र व राज्य सरकार से मांग की। उन्होंने सभी पत्रकारों को निष्पक्ष पत्रकारिता पर ध्यान देने को कहा तथा पीत पत्रकारिता से बचने की सलाह दी। अंत में जिलाध्यक्ष विवेकानंद पांडे ने आए हुए सभी पत्रकारों का स्वागत करते हुए कहाँ की मैं अपने सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों से निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आइडियल एसोसिएशन इकाई आजमगढ़ को मजबूती प्रदान करने हेतु सभी संभव उपाय करूंगा सभी पत्रकारों के लिए मैं 24 घंटे उपलब्ध रहूंगा। अंत में नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष निजामाबाद राहुल पाण्डेय ने आए हुए सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद यादव,दीपक सिंह, रामायण सिंह, विशाल सिंह,वीरेंद्र पांडे, सरफराज पठान,अबू जैद खान,राजेश सिंह, आफताब आलम, मोहम्मद राजिक, महेश कुमार,दीपक कुमार समेत अनेक लोग उपस्थित हैं।

### सपा के दर्जनों कार्यकर्ता हुए बसपा में शामिल

**बसपा की नीतियों से प्रभावित होकर की सदयस्ता ग्रहण लिया**



प्रखर अहरौरा (मिजार्पुर)। मड़िहान विधानसभा क्षेत्र के बहुजन समाज पार्टी अहरौरा के कार्यालय पर दिन शनिवार को सपा से आये दर्जनों कार्यकर्ता हुए बसपा में शामिल हो गए। सपा कार्यकताओं ने बसपा में शामिल होने से पहले बताया कि पार्टी नेतृत्व द्वारा गठबंधन पालन न करते हुए विधानसभा क्षेत्र में दो दो सपा का प्रत्याशी उतार देने से जीती हुई सीट हम हार रहे हैं। जिससे मन खिन्न हो गया है अतः हम सभी बसपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। क्षेत्रीय कार्यालय पर बसपा नेता प्रेम शंकर मौर्य (मुख्य सेक्टर प्रभारी मिजार्पुर मण्डल) के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता कमलेश प्रसाद सोनकर को माला पहनाकर, बसपा का सदयस्ता ग्रहण कराया। वही आगामी विधानसभा चुनाव में मड़िहान के प्रत्याशी नरेन्द्र कुशवाहा को विजयी बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान असलम अंसारी (नगर अध्यक्ष), संतोष कुमार मौर्य (सेक्टर अध्यक्ष), नगेन्द्र बिंद, श्यामलाल सोनकर, रसीद खान, लालजी सोनकर के साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### करंट से युवक की मौत, मंचा कोहराम

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर में शनिवार की अपराह्न सवा 3 बजे घरेलू कार्य करते समय करंट के चपेट में आने से 35 वर्षीय अनिल राजभर की मौत हो गई। युवक के मौत से घर मे कोहराम मच गया। बताया जाता है कि घर के इलेक्ट्रिक को स्वयं ठीक कर रहा था तभी उसका ध्यान भटक गया और करंट के चपेट में आने से मौत हो गई। युवक के मौत होने पर घर मे कोहराम मच गया। पत्नी उर्मिला व तीन बच्चों का रो रो कर बुरा हाल था। मृतक खेती कर परिवार का जीवन यापन करता था। युवक के मौत की सूचना पर दर्जनो की संख्या में ग्रामीण उसके घर पहुचे और गम आँखों से परिवार को सांत्वना देते नजर आए।

# संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण पर प्रतिभागियों ने दिया जोर

## गांधी, अंबेडकर व नेहरू ने की कमजोर वर्गों की दशा सुधारने की वकालत: हिदायत आजमी, राष्ट्रीय एकता शांति व न्याय" विषयक संगोष्ठी का दूसरा दिन



प्रखर वाराणसी। नवसाधना, तरना में राइज एंड एक्ट के तहत "राष्ट्रीय एकता शांति व न्याय" विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रतिभागियों ने सामाजिक मुद्दों पर अपने लेख प्रस्तुत किये और संविधान मूल्यों के संरक्षण पर जोर दिया।

मुख्य वक्ता हिदायत आजमी ने कहा कि गांधी, अंबेडकर व नेहरू जैसी हस्तियों ने कमजोर वर्गों की दशा सुधारने की वकालत की। जिससे स्वतंत्रता, बन्धुता, न्याय व समता के मूल्यों को ताकत मिलीं। मीडिया की भूमिका व जिम्मेदारी पर चर्चा करते हुए वरिष्ठ पत्रकार हृदया नन्द शर्मा ने कहा कि बदले हालात में प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व सोसल मीडिया की भूमिका अहम हो गयी है। आम से खास सबकी अपेक्षा लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ से है लेकिन मीडिया का बाजारीकरण होते जाने से सच्ची व निर्भीक पत्रकारिता का अभाव चिंताजनक है। पत्रकारिता ऐसी हो जो व्यवस्था को पारदर्शी बनाने में मदद करे। इसी क्रम में शोध छात्रा अर्सिया खान ने घुमंतू जातियों की दशा व दिशा पर चर्चा करते हुए उनके सामाजिक, आर्थिक जीवन पर प्रकाश डाला। रामजन्म कुशवाहा ने आदिवासी दलित जातियां व उनका विकास पर चर्चा करते हुए कहा कि इनके संवैधानिक अधिकार छीनते जा रहे हैं। उन्होंने जल, जंगल व जमींन पर सामाजिक न्याय की जरूरत बताई। इसी क्रम में हीरावती, अब्दुल मजीद, प्रज्ञा, संजय सिंह ने अपने विचार रखे। राइज एंड एक्ट के संयोजक प्रो मोहम्मद आरिफ ने साम्प्रदायिक ताकतों की आलोचना करते हुए कहा कि साम्प्रदायिक राजनीति से ऊपर उठकर ही समता मूलक समाज के निर्माण के लिए हमसभी को आगे आना होगा। प्रशिक्षुओं ने गुलशन के फूल नाटक का मंचन कर सामाजिक कटुता, भेदभाव पर कड़ा प्रहार किया।संचालन राम किशोर चौहान, मनोज कुमार, कमलेश ने किया। इसी क्रम में साधना यादव, असलम, वीना गौतम, अर्सिया खान, प्रज्ञा, शमा परवीन, अब्दुल मजीद, विनोद गौतम,राम कृत, लाल प्रकाश राही, राजेश्वर,हीरावती, आदि मौजूद रहे।

### पिंडरा विस क्षेत्र में शुरू हुआ पोस्टल बैलेट से मतदान



प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा विस क्षेत्र में दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओ के पोस्टल बैलेट द्वारा तीन दिनों तक चलने वाले मतदान का शुभारंभ शनिवार से शुरू हो गया। पिंडरा के आरओ राजीव कुमार राय ने बताया कि पिंडरा विस क्षेत्र में कुल 114 बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता मतदान करेंगे। जिसके लिए 5 मतदान पार्टी बनाई गई है। जो गांव में जाकर मतदान कराएगी। जिसके साथ माइक्रो ऑब्जर्वर भी होंगे।इसी क्रम में पिंडरा ग्राम सभा मे रामजानकी मन्दिर स्थित गली को बूथ बनाया गया। जहाँ पर बीएलओ के माध्यम से बुजुर्ग व दिव्यांग वोटरों ने मतदान किया। कुल 8 मतदाताओ में 6 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। जिसमे 2 बुजुर्ग मतदाताओं की मृत्यु होने के कारण मतदान नही कर पाए । माइक्रो ऑब्जर्वर अरविंद कुमार व पीठासीन अधिकारी तेजप्रकाश सिंह ने बताया कि तीन दिनों तक पोस्टल बैलेट से मतदान चलेगा। इसके लिए पिंडरा ग्राम सभा मे तीन जगह बूथ बनाकर मतदान होगा। वही 114 मतदाताओं के लिए अलग अलग जगह टीम ने मतदान कार्य पूर्ण कराया।

# वाराणसी स्वर्णकार व्यापार मंडल की समीक्षा बैठक संपन्न, अमित वर्मा सह-प्रभारी मनोनीत



प्रखर वाराणसी। वाराणसी स्वर्णकार व्यापार मंडल समिति की आवश्यक समीक्षा बैठक शुक्रवार को संगठन के चांदमारी (वाराणसी) स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में संगठन के सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डालने हेतु प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सहयोग पर चर्चा करते हुए संगठन के उद्देश्य को स्वर्णकार समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। समीक्षा बैठक के दौरान महामंत्री संतोष सेठ ने प्रभारी श्री लक्ष्मण प्रसाद सेठ के स्वास्थ्य कारणों के दृष्टिगत सह-प्रभारी मनोनीत करने का प्रस्ताव दिया। जिस पर संरक्षक श्री रामनगीना सेठ की सहमति एवं अनुमति के बाद मौजूद सभी मंडलीय पदाधिकारियों ने अपनी सहमति व्यक्त की। मौके पर अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण कर पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित वर्मा को सह-प्रभारी मनोनीत किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से कार्यालय व्यवस्थापक श्री दिनेश सेठ, अध्यक्ष जितेंद्र सेठ, वरिष्ठ उपाध्याय श्रवण कुमार सेठ, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश सेठ, संगठन मंत्री एवं विधिक सलाहकार एडवोकेट सुरेंद्र सेठ, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सेठ (आयर), राजेश सेठ (गरथमा), मंत्री सुजीत सेठ पिंटू, मंत्री धर्मेंद्र सेठ आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# एन.एस.एस. छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु अच्छा मंच : डॉ. कृष्णदेव चौबे

प्रखर जौनपुर। कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में 22 फरवरी से आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के पांचवें दिन शनिवार को शिविरार्थियों ने कैंप में जल संरक्षण विषय पर बैनर और पोस्टर के माध्यम से संगोष्ठी करके लोगो को जल संरक्षण हेतु जागृत किया । शिविर के पांचवें दिन की शुरूआत सुबह सात बजे से आस - पास के गांवों और सड़कों की सफाई के साथ हुई जिसके बाद एक बाइक रैली निकालकर कई गांवों में मतदान करने और जल संरक्षण विषयक पर जागरूक किया गया।

बाइक रैली कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ एन पी मिश्र और कार्यक्रम अधिकारी डॉ श्रीनिवास तिवारी के निर्देशन में ग्राम सभा खालिसपुर और जरहीला कलां तक आयोजित हुआ । शिविर के छात्र छात्राओं ने ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत निकट गांवो में जाकर झाड़ू लगाया और ग्रामीणों को स्वच्छता अपनाने हेतु प्रेरित किया ।



शिविरार्थियों के सफाई अभियान के दौरान शिविरार्थियों के सहयोग हेतु महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ संजय यादव और जैव प्रौद्योगिकी विभाग के शिक्षक एवं पत्रकार पंकज कुमार मिश्रा जी रहे। पांचवे दिन के विशेष संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य एवं पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ कृष्णदेव चौबे जी रहे । संगोष्ठी की शुरूआत मां सरस्वती और पूज्य संस्थापक जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन करके किया हुआ।

डॉ चौबे ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों में सर्वांगीण विकास हेतु अच्छा मंच है। शिविर कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि ने कहा की जल संरक्षण अति गंभीर विषय है जिसके प्रति समाज में जागरूकता लाकर स्वयंसेवक महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है। जल संरक्षण अपनाकर हम भविष्य को सुरक्षित रख सकते है। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के अखिलेश मिश्र ,सुरेश कुमार इत्यादि उपस्थित रहे। मंच संचालन रानेश यादव ने किया।

# चला स्वच्छता अभियान एवं निकाली गई मतदाता जन जागरूकता रैली



प्रखर वाराणसी। जिला अधिकारी महोदय वाराणसी के दिशा निर्देश में सृजन सामाजिक विकास न्यास एवं 95 बटालियन केंद्रीय पुलिस बल संयुक्त तत्वधान में अस्सी घाट पर पर्यावरण स्वच्छता अभियान चलाया गया साथ-साथ में मतदाता जन जागरूकता रैली निकाली गई इस कार्यक्रम में धीरेंद्र कन्या महाविद्यालय राष्ट्रीय स्वयं सेवा के बच्चे व अध्यापिका ने भाग लिया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कालिका सिंह प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के डायरेक्टर वाराणसी मंडल तथा विशिष्ट अतिथि श्री उमाकांत ओझा उप कमांडेंट 95 बटालियन थे केंद्रीय पुलिस बल थे।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अनिल सिंह ब्रांड एंबेसडर पर्यावरण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार ने की श्री अनिल कुमार सिंह ने सभी को जल संरक्षण स्वच्छता,पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त व स्वस्थ मानसिकता से मतदान करने की भी शपथ दिलाई।यह कार्यक्रम 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट के देखरेख में चलाया गया।इस कार्यक्रम में 95 बटालियन केंद्रीय पुलिस बल के अधिकारी व जवानों के साथ प्रवीण सिंह और धीरेंद्र महिला कन्या महाविद्यालय से दीपिका यादव बंदना तोमर प्रियंका गुप्ता नेहा शाह प्रज्ञा चौधरी श्वेता मेघा श्रद्धा श्रेया काजल प्रीति दिव्या सीतू संगम निधि खुशबू रितु आदि अध्यापिकाए व छात्राएं भाग लिया।

### चुनाव और मतगणना के दिन शराब की दुकानों में रहेगा ताला

प्रखर गाजीपुर। मदिरा के शौकीन लोगों के लिए बुरी खबर है कि विधानसभा चुनाव व मतगणना के दिन मदिरा की सभी प्रकार की दुकानें पूर्णतः बन्द रहेंगी। इस दौरान मदिरा प्रेमियों को अतिरिक्त व्यवस्था करनी पड़ेगी या फिर सूखे ही रहना पड़ेगा। विधान सभा सामान्य निर्वाचन -2022 के दृष्टिगत जनपद में आगामी सात मार्च को सम्पादित होने वाले मतदान व दस मार्च को मतगणना के मद्देनजर जिलाधिकारी ने मदिरा की सभी प्रकार की दुकानों को बन्द रखने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट, एम. पी. सिंह ने, लोक शान्ति बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष मतदान एवं मतगणना का कार्य सुचारूपूर्ण शान्तिपूर्वक सम्पादित कराये जाने के उद्देश्य से, संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम- 1910 (यथासंशोधित) की धारा-59 मे निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए जनपद में स्थित समस्त रेस्टोरेन्ट बार व फुटकर तथा थोक आबकारी दुकानों को पांच मार्च को 06.00 बजे से 07 मार्च 2022 को मतदानट समाप्ति तक बन्द रखने का निर्देश दिया है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का मध्य निषेध विषयक शिविर व रैली का आयोजन एवं एचआईवी से गर्भ में बच्चों के बचाव के लिए अहाना कार्यक्रम का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सुधाकर महिला पोस्ट ग्रैजुएट कॉलेज खजूरी, पांडेयपुर, वाराणसी के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवी छात्राओं ने 25 फरवरी को तीनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी प्रथम इकाई डॉक्टर प्रतिमा श्रीवास्तव द्वितीय इकाई डॉ अनीता सिंह तृतीय इकाई डॉक्टर हेमा गुप्ता के निर्देशन में रैली का आयोजन किया गया। सुधाकर महिला पोस्ट ग्रैजुएट कॉलेज के प्राचार्य डॉ प्रभु नारायण दूबे ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और प्राचार्य जी ने कहा कि हमारे संविधान में भी स्वास्थ्य को हानि पहुंचाने वाले मदिरा व ड्रग्स पर प्रतिबंध लगाने का प्रबंध किया गया है। समन्वयक व शिक्षाविद डॉ अशोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि मध्य पान बुद्धि और विवेक का नाश करती है। तीनों इकाइयों की रैली अपने कार्यक्रम स्थल पुष्प रंजन बालिका विद्यालय दौलतपुर, प्राथमिक विद्यालय छोटा लालपुर प्रथम व द्वितीय पर पहुंचकर अपने-अपने क्षेत्र के गांव में जाकर मध्य निषेध के लिए श्रीमती सीता यादव ने एक कार्यशाला चला कर महिलाओं व स्वयंसेवी छात्राओं को जागरूक किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ रमा दूबे निदेशक आशीर्वाद दूबे ने



जागरूकता अभियान चलाया। सांध्य कालीन शिविर के अंतर्गत यूपी एंटी प्लस संस्था द्वारा गर्भवती महिलाओं के गर्भ में पल रहे बच्चों को एचआईवी ना हो इसके लिए अहाना कार्यक्रम चला रहे हैं अहाना के कार्यक्रम अधिकारी श्री राकेश सिंह और फील्ड ऑफिसर भी अपने विचार व्यक्त किए जबकि तीनों इकाइयों की रैली में डॉक्टर अवनीश कुमार पांडेय, डॉ. धम्म प्रिय गौतम, सुश्री प्रिया यादव, डॉ. प्रतिमा मिश्रा, डॉ. श्याम सुंदर मिश्र, डॉक्टर राजकुमार श्रीवास्तव ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# काशी में स्वयं भोलेनाथ देते है तारक मंत्र

## सीताराम नाम रुद्र महायज्ञ में पाँचवे दिन भी पड़ती रही आहुतियां

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। कलिकाल में राम नाम से बड़ा कोई मंत्र नही है और काशी में तो यह तारक मंत्र के रूप में जाना जाता है। यहाँ स्वयं काशी विश्वनाथ अपने भक्तों को तारक मंत्र प्रदान करते है। उक्त उद्गार शुक्रवार को पातालपुरी मठ के पीठाधीश्वर महंत बालकदास ने गंगा उसपार डोमरी में चल रहे दस दिवसीय सीताराम नामरुद्र महायज्ञ के पाँचवे दिन उपस्थित जनसमूह को प्रवचन देते हुए व्यक्त किये। विश्व कल्याणार्थ एवं कोरोना महामारी के शमन हेतु प्रख्यात तपस्वी संत आत्मानंद दास महात्यागी (श्री नेपाली बाबा) के पावन सानिध्य में आयोजित इस महायज्ञ में देश-विदेश से आये श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महंत बालकदास ने कहा कि राम नाम की महिमा अपरंपार है, साक्षात महादेव रामनाम की महिमा बताते है। रामनाम उस कल्पवृक्ष के समान है जिसकी छत्रछाया में बैठकर जीवन की यात्रा पूरी की जा सकती है। सिद्ध संत आत्मानंद दास



महात्यागी (श्री नेपाली बाबा) ने कहा कि काशी में यज्ञ का अलग महत्व है, जितने भी भक्त यहां सांसारिक बंधनो को त्याग कर आहुति देने आए है वें इस भवसागर से मुक्त हो जाएंगे। काशी की धरा पर प्राचीन काल से ही संतो-मनीषियों ने यज्ञ के पवित्र लक्ष्य के लिए इस स्थान का चुनाव किया है। यहाँ के प्रत्येक कण में शिवत्व का भाव है।

महायज्ञ में पड़ती रही आहुतियां महायज्ञ में पाँचवे दिन भी यज्ञशाला में आहुतियां पड़ती रही। यज्ञाचार्य पण्डित धीरेंद्र मनीषी के निर्देशन में इंद्र-इंद्राणी के स्वरूप 1100 युगल दम्पति श्री शिवमहापुराण के मंत्रो से शतकुण्डिय यज्ञ में आहुति देते रहे। वही दूसरे मण्डप में स्थापित 1008 नर्वदेश्वर शिवलिंग का रुद्राभिषेक भी भुदेवों द्वारा चलता रहा। आयोजन स्थल पर बने दोनों मंडप में एक के चारो कोनो में श्रीमद्भागवत पुराण तथा दूसरे मण्डप के चारो कोनो में रामचरित मानस का अखण्ड पाठ भी चलता रहा।

**इनकी रही उपस्थिति-** महायज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में सत्यनारायण झुनझुनवाला एवं अंजू झुनझुनवाला शामिल हुए तो वही हनुमान आराधना मंडल के केंद्रीय अध्यक्ष रामनारायण ठाकुर के साथ 254 भजन मंडली भी पधारी है। इसके अतिरिक्त आयोजन सचिव नत्थू सिंह पटेल, राजेन्द्र राय, शशिभूषण शास्त्री सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा रामजानकी मठ

## मठ के साध्वी को अज्ञात बदमाशों ने मारी गोली



प्रखर केराकत जौनपुर । कोतवाली क्षेत्र के आराजी थाना गद्दी अंतर्गत रामजानकी मठ बम्बावन रह रही एक साध्वी को अज्ञात बदमाशों ने गोली मारी दिया।साध्वी की हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर किया। शनिवार की सुबह रामजानकी मठ बम्बावन पर रह रहे 48 वर्षीय साध्वी इंद्रावती दास जी महाराज को घर मे बने शौचालय में स्नान करने जा रही थी तभी अचानक अज्ञात बदमाशों ने लक्ष्य साधकर गोली चला दी। जिससे एक गोली साध्वी के बाएं तरफ सीने में जा लगी व दूसरी गोली सिर को छूते हुए निकल गए। मौके पर पड़ी लहूलुहान साध्वी ने फोन से स्थानीय पुलिस को सूचना दिया। सूचना की जानकारी होने पर केराकत प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत मौके पर पहुंच साध्वी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत भेजवाया। इलाज के दौरान चिकित्सक ने बताया कि एक गोली बाएं तरफ सीने में लगी है व दूसरी गोली सिर को छूते हुए निकल गए हैं । स्थिति नाजुक देखते हुए ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया ।और जांच के दौरान इंपेक्टर लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि मौके पर 32 बोर के दो खोखे भी मिले है।जांच की जा रही है ।

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी की मौत

#### ग्रामीणों की अनोखी पहल क्षेत्र में बना चर्चा का विषय



प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के तरियारी गॉव में शनिवार की सुबह विजली की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गयी।गौरतलब हो कि रोज की भांति सुबह ग्रामीण टहल रहे थे कि अचानक 11000 बोल्ट की चपेट में मोर आ गया उपस्थित लोगों ने मोर को बचाने का हर सम्भव प्रयास किये मगर मोर को बचाने में असफल रहे।मोर के मौत की खबर देखते ही देखते पूरे गांव में फैल गयी मौजूद ग्रामीणों ने मोर को पूरे सम्मान के साथ उसका अंतिम संस्कार किये जिसको लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।इस अवसर पर रामु यादव,खदेरन यादव,अरविंद यादव,अजीत यादव,संजय यादव,विन्दर यादव व रणजीत यादव समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### बंदी की मौत पर सपा ने उठाए सवाल उच्चस्तरीय जांच की मांग




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जिला जेल में शुक्रवार को बंदी राजेश जायसवाल की मौत के बाद अस्पताल मे सपा महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा तत्काल कबीर चौरा मर्चरी हाउस पहुंचकर मृतक राजेश जायसवाल की पत्नी रेखा जायसवाल एवं पुत्र लकी जायसवाल से मुलाकात करते हुए बताया कि यह घटना संदिग्ध है । सपा महानगर अध्यक्ष से परिजनो ने आरोप लगाया है कि जेल प्रशासन कल रात मे पेट दर्द की शिकायत पर कबीर चौरा अस्पताल लाया गया तो परिजनो को कोई सूचना क्यो नही दी गई। परिजनो ने सपा महानगर अध्यक्ष से न्याय की गुहार लगाई है सपा महानगर अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता लक्ष्मीकांत कांत मिश्रा "किसमिस गुरु" ने अस्पताल पहुंचे। सपा महानगर विष्णु शर्मा परिजनो के सामने ही जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा से फोन पर वार्ता की एवं घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग किया । एवं पोस्टमार्टम विशेष चिकित्सको की पैनल बनाकर विडियो ग्राफी कराने की मांग किया ।जिस पर जिलाधिकारी ने तुरंत आदेश निर्गत किया। सपा महानगर अध्यक्ष ने परिजनो को आश्वस्त किया कि जब तक न्याय नही मिलेगा तब तक वह चुप नही बैठ सकते सपा महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा पत्नी एवं पुत्र को लेकर जिलाधिकारी से मुलाकात कर सहयोग एवं न्याय दिलाएंगे।

### भाजपा का विजन विकास है : ए. के. शर्मा



प्रखर डेस्क। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य, पूर्व आईएएस अधिकारी ए. के. शर्मा शनिवार को वाराणसी जनपद के आधा दर्जन से अधिक सार्वजनिक कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम उन्होंने व्यापारी वर्ग के लोगों से मुलाकात की उसके बाद भाजपा कार्यकताओं से मुलाकात की। दोपहर में उन्होंने फि ल्म कलाकारों से मुलाकात करने के बाद एस. बी. ग्रैंड होटल, वाराणसी उत्तरी विधानसभा में व्यापारी वर्ग के साथ संवाद किया। उसके बाद वाराणसी जनपद के उत्तरी विधानसभा में वेणी माधव मिश्रा के आवास पर डॉक्टरों के साथ बात-विमर्श किया। शाम को रोहनिया विधानसभा क्षेत्र में रुदल प्रधान के आवास पर भाजपा कार्यकताओं के साथ मुलाकात करके चुनावी अभियान में जी जान से जुट जाने का आह्वाहन किया। देर शाम को अजगरा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकताओं से मुलाकात करके संगठनात्मक परिचर्चा की। ए. के. शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक विजन है जो कि स्पष्ठ है और वह है विकास, एनडीए सरकार बिना किसी भेदभाव के विकास कराने के लिए समर्पित एवं प्रतिबद्ध है।

### राजकाज छोड़कर तीर्थ यात्रा पर जाइये बाबा जी : जया बच्चन



प्रखर जौनपुर। राज्यसभा सांसद जया बच्चन और पूर्व सांसद डिम्पल यादव ने शनिवार को नील की मड़ियाहूं और मछलीशहर विधानसभा में विशाल जनसभा को सम्बोधित करके सपा के पक्ष में माहौल बनायी। दोनो सभाओ में दोनो महिला नेताओं ने जहां अखिलेश यादव की जमकर तारीफ किया। ऊधर बीजेपी को भी अपने निशाने पर रखी। जया बच्चन ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि हमारे देश में अंग्रेज आये राज किये और लूटकर चले गये, अब दूसरे लोग आये है वे भी लूटकर जा रहे है। ये लोग समाजवादी पार्टी पर परिवारवाद का आरोप लगाते है। उनसे परिवार को क्या मतलब है वे परिवार का त्याग कर दिया है। अब राज काज छोड़िये तीर्थ यात्रा पर जाइये कुटिया में बैठकर समाधि लीजिए।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं